# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है






# मुंबईकरों को पीएम मोदी की सौगात

## 29400 करोड़ की परियोजनों का शिलान्यास

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मुंबई के दौरे पर रहे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री द्वारा मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की ठाणे-बोरीवली और बीएमसी की गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मध्य रेलवे के कल्याण यार्ड रिमॉडलिंग और नवी मुंबई के तुर्भे में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम मोदी द्वारा लोकमान्य तिलक टर्मिनस में नए प्लेटफॉर्म और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में प्लेटफॉर्म 10 और 11 के विस्तार का भी शिलान्यास किया गया।

आज मुझे महाराष्ट्र और मुंबई के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का अवसर मिला है। इन प्रोजेक्ट्स से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इनमें रोड और रेल परियोजनाओं के अलावा महाराष्ट्र के नौजवानों के कौशल विकास की बहुत बड़ी योजना भी शामिल है। इनसे महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी होगा। 2-3 सप्ताह पहले ही केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए वधावन पोर्ट को भी स्वीकृति दी है।76 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से यहां 10 लाख से ज्यादा रोजगार बनेंगे।बीते 1 महीने से मुंबई देश-विदेश के निवेशकों के उत्सव की साक्षी बनी है।छोटे बड़े हर निवेशक ने हमारी सरकार के तीसरे टर्म का उत्साह से स्वागत किया है।



**नरेंद्र मोदी, पीएम**

### ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट की आधारशिला

ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट को 16,600 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह ट्विन ट्यूब टनल संजय गांधी नेशनल पार्क के नीचे से गुजरेगी, जो बोरीवली में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ठाणे में घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 11.8km लंबी ठाणे-बोरीवली लिंक रोड के बनने से ठाणे से बोरीवली का सफर 12km कम हो जाएगा।




### गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड की आधारशिला

प्रधानमंत्री गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (GMLR) प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। 6,300 करोड़ रुपए की लागत बनने वाली गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड (GMLR) प्रोजेक्ट की ट्विन टनल गोरेगांव में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को मुलुंड में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ेगी। बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के अधिकारी के मुताबिक, गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड की कुल लंबाई 6.65km है। इसके बाद पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच की 75 मिनट की यात्रा को 25 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। साथ ही पश्चिमी उपनगरों की नवी मुंबई में प्रस्तावित एयरपोर्ट और पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### नए प्लेटफॉर्म और मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल की आधारशिला

पीएम मोदी ने मध्य रेलवे के कल्याण यार्ड रीमॉडलिंग और नवी मुंबई के तुर्भे में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल की आधारशिला रखी। बता दें कि रीमॉडलिंग से यार्ड की क्षमता बढ़ेगी और भीड़भाड़ कम होने के साथ ही अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा। नवी मुंबई में गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल 32,600 वर्ग मीटर से ज्यादा एरिया में बनाया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। सीमेंट और अन्य वस्तुओं को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी। पीएम लोकमान्य तिलक टर्मिनस में नए प्लेटफॉर्म और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में प्लेटफॉर्म 10 और 11 के विस्तार को देश को समर्पित किया। इन्हें 382 मीटर तक बढ़ाया गया है। इससे 24 कोच वाले ट्रेनों के संचालन में मदद मिलेगी।

### देश के लोगों की क्षमता दुनिया देख रही

PM मोदी ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के सचिवालय आईएनएस टावर्स का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मोदी ने यह भी बताया कि भारत कैसे डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है।

### अनंत-राधिका की आशीर्वाद सेरेमनी में पहुंचे

मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी की आशीर्वाद सेरेमनी जियो वर्ल्ड सेंटर में है। पीएम मोदी रात 8 :30 बजे पहुंचे।

## पुणे में पैर पसार रहा जीका वायरस

- संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर हुई 19
- एक वरिष्ठ नागरिक भी संक्रमित

**दोपहर संवाददाता । पुणे**

पुणे में जीका वायरस ने एक बार फिर पैर पसारना शुरू कर दिया है। इस बीच, महाराष्ट्र के पुणे जिले में जीका वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 19 हो गए है। बताया जा रहा है कि एक वरिष्ठ नागरिक को भी इस संक्रमण होने की जानकारी मिली है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर में जीका के खिलाफ उपाययोजना शुरू कर दिया है। संक्रमित मच्छरो के रोकने के लिए फॉगिंग और फ्यमिगेशन किया जा रहा है। नीजी अस्पतालों नें वरिष्ठ नागरिक का इलाज कराना शुरू कर दिया गया है। शहर में गर्भवती महिलाओं की भी टेस्टिंग की जी रही है। बताया जा रहा है कि 19 संक्रमित मरीजों में 10 गर्भवती महिलाएं थी।



### पुणे में सर्वाधिक 19 मामले

जानकारी के लिए बता दें कि इस साल महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुल 21 मामले सामने आए है। इन मामलों में सर्वाधिक 19 मामले पुणे से ही सामने आए है। जीका वायरस संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छर की इसी प्रजाति को डेंगू और चिकनगुनिया जैसे संक्रमण फैलाने के लिए भी जिम्मेदार माना जाता है। इसके लक्षण 2 से 14 दिनों के बीच दिखता है। बताया जा रहा है कि इस रोग से संक्रमित 5 मरीजों में से एक मरीज में इसका कोई लक्षण नहीं दिखता।

## विवादों में घिरीं आईएएस पूजा खेडकर एंड फैमिली

### खेडकर के पेरेंट्स समेत 7 पर एफआईआर

**सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर**

**मां का पिस्तौल लेकर किसानों को धमकाने का वीडियो वायरल**



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को लेकर रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं। ताजा मामला पूजा खेडकर की फैमिली से जुड़ा है। खेडकर परिवार द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। पुणे में खेड़कर परिवार का बंगला है। खेड़कर परिवार ने अपने बंगले के सामने की महापालिका की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया है।

### अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी

महापालिका ने अपने नोटिस में लिखा है कि आपने अपने घर के सामने की महापालिका की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया है। घर के सामने वाले फुटपाथ पर 60 फीट लंबा, 3 फीट चौड़ा और 2 फीट ऊंचा अवैध निर्माण किया गया है। इस अवैध निर्माण की वजह से फुटपाथ से चलने वाले लोगों असुविधा हो रही है। इसलिए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए।

### पूजा खेडकर की मां भी विवादों में आईं

वहीं, आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां द्वारा पिस्तौल लेकर कुछ लोगों को धमकाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिससे विवादों में घिरी नौकरशाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बाद में कहा कि तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की जाएगी।

### सात दिन में अवैध निर्माण गिराने को कहा

पुणे महानगरपालिका की तरफ से पूजा खेड़कर परिवार के घर पर नोटिस चिपकाया गया है। साथ ही अवैध निर्माण को अगले 7 दिन में तोड़ने का आदेश दिया गया है। अगर अवैध निर्माण तोड़ा नहीं गया तो महापालिका की तरफ से इसे तोड़ा जाएगा। ऐसी चेतावनी भी नोटिस में दी गई है।

### पूजा है 2023 बैच की आईएएस अधिकारी

पूजा खेडकर 2023 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने यूपीएससी की उम्मीदवारी में खुद को ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर उम्मीदवार बताया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह दृष्टिहीन और मानसिक रूप से दिव्यांग हैं, लेकिन उन्होंने अपने दावों की पुष्टि के लिए परीक्षा देने से इनकार कर दिया।

## कानूनी पचड़े में फंसे यूट्यूबर ध्रुव राठी

### ओम बिरला की बेटी के खिलाफ विवादित पोस्ट मामले में मुंबई पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

यूट्यूबर ध्रुव राठी फिर से कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। दरअसल महाराष्ट्र नोडल साइबर पुलिस की तरफ से बीते बुधवार उनके ऊपर एक FIR दर्ज की गई है। यह FIR एक फेक एक्स (X) पोस्ट को लेकर हुई है। मामले में पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर जिस एक्स से ट्वीट किया गया है क्या वह ध्रुव राठी का ही है? बता दें कि ध्रुव पर आरोप है कि उन्होंने लोक सभा स्पीकर ओम बिरला की बेटी अंजलि के यूपीएससी क्लियर करने के बारे में एक ट्वीट किया, जिसको लेकर अब केस दर्ज किया गया है। आरोपों के अनुसार ध्रुव राठी ने ट्वीट किया था कि अंजलि ने बिना यूपीएससी परिक्षा में बैठे ही एग्जाम क्लियर किया।



### अंजलि के कजिन ने की शिकायत

जानकारी की मानें तो अंजलि के कजिन नमन महेश्वरी ने ये मामला दर्ज करवाया है। नमन ने अपनी शिकायत में लिखा है कि साल 2019 में अंजलि ने पहले अटेंप्ट में यूपीएससी क्लियर किया था। इसके बावजूद ध्रुव राठी ने न सिर्फ देश में अंजलि की अंतर्राष्ट्रीय बदनामी की बल्कि बिना अनुमति के अंजलि का फोटो भी यूज किया है। हालांकि ध्रुव राठी का अभी इस मामले को लेकर बयान नहीं आया है। आपको बता दें कि ध्रुव राठी जल्द ही पिता बनने वाले हैं।

## मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में जमकर बरसे बादल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

उत्तर-पश्चिम मानसून ने देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। महाराष्ट्र में मुंबई, रायगड समेत अन्य जिलों में भी पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। महाराष्ट्र के ठाणे में शनिवार को हुई बरसात से सड़कें पानी-पानी हो गई। बारिश के बीच घोड़बंदर रोड पर जलभराव के कारण वाहनों को पानी में से गुजरना पड़ा। मुंबई में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण सड़कों पर पानी का सैलाब गया था। वहीं मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों पर भी इसका असर देखने को मिला था। मौसम विभाग ने एक बार फिर मुंबई, रायगड और रत्नागिरी में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को रायगड और रत्नागिरी के तटीय जिलों और पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर तथा सतारा में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया। साथ ही 14 जुलाई को भारी बारिश होने की चेतावनी दी। मौसम विभाग ने रविवार को ठाणे जिला और मुंबई में मध्यम से भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### आईएमडी ने मध्य महाराष्ट्र के लिए 16 जुलाई तक जारी किया रेड अलर्ट



### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

रायगड और रत्नागिरी के लिए पहले ही 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार सतारा और कोल्हापुर में रविवार को घाट क्षेत्रों में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

### ऑरेंज अलर्ट जारी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बार फिर से भारी बारिश की चेतावनी देकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार सुबह भी मुंबई में भारी बारिश हुई। जिसके चलते कई इलाकों में पानी भर गया।

## 7 राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे

### I.N.D.I.A ने 10, NDA ने 2 सीटें जीतीं; एक निर्दलीय के खाते में गई



**एजेंसी । नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश और बिहार समेत 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे शनिवार को आए। इनमें से I.N.D.I.A ने 10, NDA ने 2 सीटें जीतीं। सभी सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। कांग्रेस ने 4, टीएमसी ने 4, AAP-डीएमके ने 1-1 सीटें जीती हैं। वहीं, भाजपा के खाते में 2 सीटें गई हैं। एक सीट पर निर्दलीय विजयी हुआ है। इन 13 सीटों में भाजपा के पास 3 सीटें थीं। कांग्रेस के पास 2, टीएमसी के पास 1, जेडीयू के पास 1, आप के पास 1, डीएमके के पास 1, बीएसपी के पास 1 और निर्दलीय के पास 3 सीटें थीं।

### NDA: 13 में से भाजपा 9 हारी; सहयोगी दलों ने भी दो सीटें गंवाई

NDA ब्लॉक में 13 में से 11 सीटों पर भाजपा और दो अन्य पर JDU, PMK ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा और हिमाचल प्रदेश की हमीपुर सीट ही जीत पाई। JDU बिहार की रुपौली और PMK तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट हार गई।

### INDIA: कांग्रेस 13 में से 4 पर जीती, सहयोगी दल ने एक सीट जीती

INDIA ब्लॉक में 13 में से कांग्रेस 9, RJD 1, CPI (M) 2 और DMK एक सीट पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की। इनमें हिमाचल प्रदेश की देहरा, नलगढ़ और उत्तराखंड की बद्रीनाथ, मंगलौर सीट शामिल है। डीएमके ने तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर जीत दर्ज की।

## राज्य के पब, बार और डिस्को के कैमरों पर अब आबकारी विभाग का कंट्रोल

### मुंबई में आबकारी विभाग की कारवाई

- 1034 बार, पब, परमिट रूम और डिस्को की जांच
- 39 होटल में कमियां पाई गईं
- 9 के लाइसेंस निलंबित किए
- उपनगर में 1572 बार, पब, परमिट रूम व डिस्को की जांच



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

पुणे और वर्ली में हुए हिट एंड रन केस के बाद आबकारी विभाग ने सतर्कता बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी है। विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है जिसमेंबार, पब, परमिट रूम और डिस्को में बार काउंटर पर सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कैमरों का कंट्रोल आबकारी विभाग के पास भी होगा। इसके लिए संबंधित बार,पब, डिस्को या परमिट रूम जिस क्षेत्र में आता है वहां के आबकारी विभाग के निरीक्षक को कैमरों की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस संदर्भ में निगरानी बढ़ाने के लिए विभाग ने एक समिति का गठन किया है।

### मुंबई में दो हजार लाइसेंसी बार, पब, डिस्को

आबकारी विभाग (प्रवर्तन और सतर्कता) के निदेशक प्रसाद सुर्वे ने बताया कि सभी होटलों के बार काउंटर के दोनों तरफ कैमरा लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कैमरों की ईमेल आईडी-पासवर्ड आबकारी विभाग के पास देना अनिवार्य होगा।

### एआई कैमरे बताएंगे उम्र

उपमुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा सदन में जानकारी दी थी कि राज्य सरकार ने पांच लोगों की एक कमेटी बनाई है। जिसमें आबकारी विभाग के आलावा चार अन्य एक्सपर्ट शामिल हैं जो इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के हाई रेजोल्यूशन कैमरे बार और पब के काउंटर पर लगाए जाएंगे। जो काउंटर पर आनेवालों केचेहरे (फेस रिकग्निशन)से उम्र बतादेंगे। ऐसे में नाबालिग या कम उम्र के युवओं के कैमरों की जद में आते हीइसका नोटिफिकेशन आबकारी विभाग के अधिकारियों के मोबाइल पर चला जाएगा।

# भिवंडी मनपा के सामने अचानक आई तेज हवा से गिरा पेड़

### कई घरों के छत और पत्रे उड़े

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में सुबह से ही बादल छाए रहे और बीच-बीच में बूंदाबांदी के बाद सुबह करीब 11:30 बजे अचानक तेज हवा चलने लगी और जबरदस्त मुशलाधार बारिश और तेज हवा से मनपा के सामने सड़क पर एक पेड़ उखड़ कर गिरा गया। जहां हमेशा भीड़भाड़ रहती थी,लेकिन गनीमत यह रही कि उस समय वहां कोई वाहन या पैदल यात्री नहीं था, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की आपात टीम मौके पर पहुंच गई और पेड़ को काटकर रास्ता साफ किया गया। इसी तरह गायत्री नगर नौगांव क्षेत्र में पुलिस चौकी से लेकर दुर्गा मंदिर तक 25 से 30 मकानों के लोहे के एंगल और पत्रे उड़ गए। इससे कई घरों में रखे सामान, अनाज व कपड़े का भरी नुकसान पहुंचा है। इसी प्रकार शहर में बरसात से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। कई निचले इलाके पानी में डूबने से लोगों का बड़ा आर्थिक नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। शहर के अहम मार्ग पर पानी में भरने से यातायात बाधित के कारण लोगो को सड़कों पर ट्रैफिक जाम में फंसे रहना पड़ा ।





### पानी पानी भिवंडी



लगातार बरसात के कारण भिवंडी शहर के तीनबत्ती, सब्जी मंडी, बाजार पेठ और मछली मार्केट सहित पूरे क्षेत्र में सड़क पर पानी भर गया है । इसके साथ ही नदी नाका, म्हाडा कॉलोनी, ईदगाह, मंगल भवन, कमला होटल, गोपाल नगर, घूंघट नगर, आम पाड़ा, औचित पाडा, बाला कंपाउंड, गैबीनागर, शांतिनगर, कासार आली, शिवाजी चौक, ईदगाह रोड दरगाह रोड पद्मानगर, बालाजीनगर, कामतघर, दूध बावड़ी अंजूर फाटा इलाके के निचले इलाके में भी बड़ी मात्रा में पानी जमा होने से लोग परेशान है। गटर साफ न होने के कारण गटर का पानी सड़क पर बह रहा है ।भिवंडी के निचले हिस्से में नालो व गटरों की सफाई पूर्णरूपेण न होने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है। शहर के गैबी नगर, ठाणा रोड स्थित रईस स्कूल के सामने निर्माणधीन सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेज़ बारिश के कारण गटर व नालों में भी जलस्तर बढ़ने से उसका पानी उबल कर सड़कों पर बह रहा है।

# बिल्डर से जबरन वसूली के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे जिला पुलिस ने एक बिल्डर से जबरन वसूली की कोशिश करने और जातिसूचक गालियां देने के आरोप में शनिवार को पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सभी आरोपी बदलापुर स्थित एक झुग्गी बस्ती के रहने वाले हैं। इन बस्तियों को झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) की एक योजना के तहत पुनर्विकास किया जाना है।

### पुनर्विकास की अनुमति देने के लिए 17 करोड़ रुपए की मांग

अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि आरोपियों ने पिछले महीने पुनर्विकास की अनुमति देने के लिए बिल्डर और झुग्गी बस्ती के कुछ सदस्यों से 17 करोड़ रुपये की मांग की थी। उन्होंने बिल्डर से कथित तौर पर दो लाख रुपये लिए। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने झुग्गी बस्ती के कुछ सदस्यों के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणियां भी कीं। पूर्वी बदलापुर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में जबरन वसूली और आपराधिक धमकी समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उनके खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया है।

# 'टेंडर लो, कमीशन दो' की नीति के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति बदहाल : पटोले

### CAG ने फोड़ा सरकार के बड़े दावों का गुब्बारा, विपक्ष की आपत्तियों पर भी कैग की मुहर

**एजेंसी । मुंबई**

भ्रष्ट महागठबंधन सरकार के अराजक प्रशासन की पोल नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट ने खोल दी है। कैग के मुताबिक राज्य पर 8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज चिंताजनक है। इसके बावजूद सरकार अतिरिक्त मांगों के लिए और कर्ज लेने का समर्थन कर रही है। लेकिन सीएजी ने सरकार को उसी तरह चेतावनी दी है । जैसे विपक्षी दलों ने महाभ्रष्ट गठबंधन सरकार को चेतावनी दी थी, लेकिन महायुति सरकार इन चेतावनी को दरकिनार कर अपनी ही मस्ती में है। कैग ने राजा की वित्तीय अनुशासनहीनता पर सवाल खड़े किए हैं । महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने हमला बोलते हुए कहा है कि वित्तीय कुप्रबंध के कारण महायुति गठबंधन सरकार दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गई है।

### सीएजी रिपोर्ट का हवाला



सीएजी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि जब से राज्य में तीन दलों की महागठबंधन सरकार सत्ता में आई है, सभी विभागों में भ्रष्टाचार का प्रसार बढ़ गया है। 'टेंडर लो, कमीशन दो' की नीति के तहत ठेकेदारों के करीबियों की जेबें भरने के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई है। लेकिन इससे राज्य को फायदा होने की बजाय सरकार के दोस्तों को फायदा हुआ। पिछले दो साल में यह सरकार 2 ।5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज ले चुकी है और राज्य पर 8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज का बोझ है। ऋण का यह अनुपात सकल राजकोषीय आय का 18 ।73 प्रतिशत है। यह वित्त अधिनियम के प्रावधान से अधिक है। राजस्व संग्रहण और व्यय के बीच बहुत बड़ा अंतर है। बजट में आवंटित धनराशि खर्च न होने के बावजूद करोड़ों रुपये की डिमांड प्रस्तुत की गई। अंतरिम बजट पेश होने के तुरंत बाद 94 हजार करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगों को मंजूरी दे दी गई।

# बोईसर में गैस रिसाव से हड़कंप

**दोपहर संवाददाता । पालघर**



पालघर जिले के बोईसर –तारापुर औद्योगिक क्षेत्र के सालवड ग्राम पंचायत के शिवाजी नगर इलाके में गैस के रिसाव के कारण क्षेत्र के निवासियों का दम घुटने लगा और चक्कर आने लगे।

### ब्रोमीन गैस के रिसाव की संभावना

दोपहर करीब ढाई बजे टी प्लॉट स्थित एक कंपनी से अचानक हुए गैस रिसाव से लाल–भूरे रंग का गुब्बार छा गया। बरसात के मौसम के कारण इस गैस का प्रभाव बढ़ गया। कम्पनियो की पहली शिफ्ट समाप्त कर दूसरी शिफ्ट में आने जाने वाले वाले श्रमिकों की भीड़ के कारण सड़क पर कुछ लोगों को चक्कर आने लगे ।जैसे ही इसका प्रभाव शिवाजीनगर में बड़ी मजदूर कॉलोनी पर पड़ा, कुछ लोग वहां से भाग गए, जबकि अन्य ने घर का दरवाजा बंद करके खुद को सुरक्षित रखने का फैसला किया। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि यह गैस रिसाव तारापुर में आरती ड्रग्स लिमिटेड (T –150) कंपनी में हुआ और बताया गया कि ब्रोमीन गैस का रिसाव हुआ था।

# भारी बारिश के कारण कॉलेज की सुरक्षा दीवार गिरने से छात्र की मौत

**दोपहर संवाददाता । रत्नागिरी**

महाराष्ट्र में इन दिनों बारिश में कहर जारी है। भारी बारिश के कारण कई जगह बड़े हादसे देखने को मिल रहे है। मौसम विभाग ने मुंबई, रत्नागिरी समेत कोंकण इलाकों को लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। इस बीच रत्नागिरी से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिले के चिपलून में डीबीजे कॉलेज की सुरक्षा दिवार गिरने से एक छात्र की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, भारी बारीश के कारण चिपलून के डीबीजे कॉलेज की सुरक्षा दिवार गिर गई। इसके चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुशांत घाणेकर के रूप में हुई है। सुरक्षा दिवार गिरने के बाद सुशांत का पता नही लग रहा था, जिसके बाद उसकी तलाश की गई और दिवार के मिट्टी में जब खोजबीन की गई। वहीं पर सुशांत का शव मिला।




### रायगढ़ जिले में भारी बारिश

इस बीच, रायगढ़ जिले में भारी बारिश हुई है। इस बीच अलीबाग के जिला सरकारी अस्पताल में पाना जमा होने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में पानी घुस गया है। इसी वार्ड में मरिजों को इलाज किया जा रहा है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिला सरकारी अस्पताल में मरम्मत का काम चल रहा है। अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अंबादास देवमाने ने कहा कि मरम्मत के लिए सज्जे तोड़े जाने के कारण सर्जिकल वार्ड में पानी घुस गया।

# बीजेपी सांसद नारायण राणे की बढ़ेंगी मुश्किलें

### उद्धव गुट के नेता ने दायर की याचिका



**एजेंसी । मुंबई**

उद्धव ठाकरे गुट के शिवसेना (UBT) नेता विनायक राउत ने बीजेपी के नारायण राणे की उम्मीदवारी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मतदाताओं को डरा-धमका कर जीत हासिल की गयी है। लोकसभा चुनाव 2024 में राणे ने शिवसेना ठाकरे गुट के विनायक राउत को हराया था। नारायण राणे 47858 वोटों से जीते थे। हालांकि, विनायक राउत ने आरोप लगाया है कि राणे की जीत धोखाधड़ी और पैसे के कारण हुई है।

### उद्धव गुट के नेता का बड़ा आरोप

शिवसेना (UBT) नेता विनायक राउत ने रत्नागिरी–सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से चुने गए नारायण राणे की उम्मीदवारी को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है। विनायक राउत ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि उन्होंने वोट खरीदकर और वोटरों को धमकाकर जीत हासिल की है। याचिका में मांग की गई है कि वोट खरीदकर और मतदाताओं को धमकाकर नारायण राणे की जीत को रद्द किया जाए और चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार की गहन जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति नियुक्त करने का आदेश दिया जाए।

### नारायण राणे पर लगाये ये आरोप

विनायक राउत ने यह भी आरोप लगाया है कि नारायण राणे, उनके करीबी नितेश राणे और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दौरान कई गलतियां की हैं। इसकी शिकायत चुनाव निर्णय अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए यह याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आयोग के अधिकारियों ने जानबूझकर आचार संहिता के उल्लंघन पर आंखें मूंद ली हैं और निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के सिद्धांत का उल्लंघन किया है। 6 मई को भी बीजेपी कार्यकर्ता नारायण राणे के लिए प्रचार कर रहे थे, जबकि चुनाव प्रचार की अवधि 5 मई 2024 को समाप्त हो गई थी। भले ही नारायण राणे के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया था, लेकिन नारायण राणे समर्थकों का वीडियो ईवीएम मशीन दिखाकर राणे को वोट देने के लिए कह रहा था। इस याचिका में इसका उल्लेख किया गया है। नारायण राणे के बेटे विधायक नितेश राणे ने एक सार्वजनिक बैठक की और मतदाताओं को धमकी दी थी। नीतीश राणे ने 13 अप्रैल को हुई मीटिंग में धमकी दी कि अगर आपको लीड नहीं मिली तो फंड भी नहीं मिलेगा, जिसका जिक्र इस याचिका में भी है।

# कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर बदलापूर, अंबरनाथ व ग्रामीण क्षेत्र में भारी बारिश

- पोस्ट ऑफिस के बाहर भी भरा घुटने तक पानी
- कल्याण कोर्ट व तहसील कार्यालय का सड़क भी पानी में डूबा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**





महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर बदलापूर, अंबरनाथ व ग्रामीण भाग मे पिछले 24 घंटे से जोरदार बारिश हो रही है। आज सुबह से बारिश की तीव्रता बढ़ने से कल्याण और डोंबिवली के कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। डोंबिवली स्टेशन क्षेत्र में सब्जी बाजार, डोंबिवली एमआईडीसी स्थित पोस्ट ऑफिस के प्रांगण, कल्याण स्टेशन क्षेत्र, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, उल्हासनगर क्षेत्र में घुटने तक पानी भरा हुआ दिखाई दिया। सुबह से ही बारिश हो रही थी और शनिवार का दिन था, इसलिए नागरिकों ने अपने घरों से बाहर नहीं निकलने का फैसला लिया था, इस कारण सड़कों पर अधिक यातायात नहीं था, निचले इलाकों में जमा पानी के कारण उस क्षेत्र में यातायात धीमा हो गया और वाहनों की ट्रैफिक जाम समस्या पैदा हो गयी। प्रशासन ने एलर्ट जारी करते हुए लोगो से अपील की है की ज्यादा जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले।

# उल्हासनगर के चूहे खोल रहे हैं ठेकेदारों के भ्रष्टाचार की पोल

### पहली बरसात में ही टपक रहा शौचालय

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर इन दिनो भ्रष्ट्राचार का बोलबाला हैं। उल्हासनगर में सार्वजनिक बांधकाम में इतना अधिक भ्रष्टाचार हैं कि उसकी पोल चूहे खोल रहे हैं ।उल्हासनगर में ठेकेदारों द्वारा लाखो रुपए की लागत से बनाए गए शौचालय को कुछ ही दिनों में चूहे खोदकर उनके कामों की पोल खोल दे रहे हैं। आश्चर्य की बात है की इतना घटिया काम होने के बावजूद उल्हासनगर की गली के नेता, नगरसेवक सभी लोग मौन है। स्थानीय लोगो को शौचालय, आम रास्ते, गली की मरम्मत के लिए मनपा के आयुक्त अजीज शेख से गुहार लगानी पड़ रही हैं। उल्हासनगर कैंप नंबर तीन, शास्त्री नगर के एक समाज सेवक व पूर्व नगरसेवक लाल बिहारी यादव ने बताया की शास्त्री नगर परिसर के वार्ड (8ब) में 11 शौचालय हैं। जिसमे एक शोभा सोनार के घर के बगल दस सीट का शौचालय है ।जिनका हर दो चार वर्ष में लाखो रुपये की लागत से मरम्मत किया जाता हैं। मनपा का निर्माण कार्य इतना घटिया होता हैं की छत का लीकेज तो अगली मानसून में ही शुरू हो जाता हैं। परंतु निचली सतह को चूहे तो दो - तीन साल में ही खोद कर शौचालय की मजबूती की पोल खोल देते हैं। ऐसी दशा उल्हासनगर के अधिकांश झोपड़पट्टी जैसे इलाके के शौचालय में देखने को मिल सकता है।

# 'विधायकों को मिले करोड़ों रुपए और जमीन'

## विधान परिषद चुनाव को लेकर संजय राउत का सनसनीखेज आरोप

**एजेंसी । मुंबई**

विधान परिषद की 11 सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के बाद महाविकास आघाडी (MVA) को जोरदार झटका लगा है। मतगणना के दौरान मविआ में राकां (शरद पवार) समर्थित तीसरे उम्मीदवार जयंत पाटिल (शेकाप) को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद ऐसी चर्चा चल रही है कि मविआ के करीब 8 विधायक फूट गए। इस पर शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद व प्रवक्ता संजय राउत ने सनसनीखेज दावा किया है। विधान परिषद चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग होने का दावा करने वाले राउत ने ये भी कहा है कि अपनी पार्टी से दगाबाजी के बदले विधायकों को करोड़ों रुपए और जमीन दी गई है। महायुति पर धन के बल पर चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए राउत ने कहा कि एक-एक विधायक को क्रॉस वोटिंग के बदले 20 से 25 करोड़ दिए गए तो वहीं कुछ लोगों को 2 एकड़ जमीन दिए जाने का दावा भी उन्होंने किया है।

### जीत के जश्न पर तंज

राउत इतने पर ही नहीं रुके उन्होंने शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार) को उनके उम्मीदवारों की जीत पर उत्सव मनाने के लिए लताड़ लगाते हुए कहा कि इतना उन्माद क्यों मचा रहे हैं? ये दो गद्दार गुट हैं और इन्होंने अपनी ताकत के दम पर अपने गुट में और 2-2 गद्दारों को चुन लिया। उन्होंने इस चुनाव को गद्दारों द्वारा गद्दारों को चुनने के लिए आयोजित चुनाव करार दिया।



### कांग्रेस के बागी विधायकों पर निशाना

राउत ने क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेसी विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि सात विधायक फूट गए। यह किसी से छिपा नहीं है। नाना पटोले भी इस पर अपनी सहमत जता चुके हैं। लेकिन ये सात लोग पहले से ही टूटे हुए हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने पिछले विधान परिषद चुनाव में चंद्रकांत हंडोरे को हराया था। लेकिन इससे महाविकास आघाडी को कोई नुकसान नहीं होगा ऐसा कहते हुए राऊत ने कांग्रेस के बागी विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### विधायकों को मिला ऑफर

राउत की तरह महाविकास आघाडी के एक और बड़े नेता जितेंद्र आव्हाड ने विधान परिषद में हॉर्स ट्रेडिंग के दावे का समर्थन किया है। एनसीपी (शरद पवार) के विधायक आव्हाड ने महायुति पर आरोप लगाते हुए कहा कि महायुति ने पैसों का जुआ खेलकर विधान परिषद चुनाव जीता है। महायुति ने विधायकों को वोट देने के लिए 5 करोड़ रुपए नकद और 100 करोड़ रुपए के कामों का लालच दिया था। उन्होंने कहा कि आप विधायक खरीद सकते हो लेकिन जनता को नहीं खरीद सकते। कल नामों का खुलासा होने के बाद गद्दार विधायकों का क्या हाल होगा, ये आप देख लेना।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, रविवार 14 जुलाई 2024



**अनमोल विचार** हम एक दूसरे को जीवंत बनाते हैं : अन्र्स्ट इंगमार बर्गमैन



# 'अटल बिहारी होते तो वह भी लगाते आपातकाल'

## संविधान हत्या दिवस पर भड़के संजय राउत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। 1975 में कांग्रेस पार्टी के लगाए गए इस आपातकाल का बचाव शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने किया है। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि अगर अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी ही स्थिति में प्रधानमंत्री होते, तो वह भी भारत में इमरजेंसी लगाते। उन्होंने कहा कि शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आपातकाल का खुलकर समर्थन किया था। संजय राउत ने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया था क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला था। भारत सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि 25 जून को 1975 में इंदिरा गांधी सरकार घोषित आपातकाल की याद में हर साल संविधान हत्या दिवस के रूप में याद किया जाएगा। संजय राउत ने कहा, 'उनके पास (बीजेपी) कोई काम नहीं बचा है।'

### '50 साल में लोग भूल गए थे'

संजय राउत ने कहा, '50 साल हो गए हैं और लोग आपातकाल को भूल चुके हैं। इस देश में आपातकाल क्यों लगाया गया था? कुछ लोग देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। रामलीला मैदान से खुला ऐलान किया गया, हमारे जवानों और सेना को कहा गया कि सरकार के आदेश का पालन न करें। तो ऐसी स्थिति में अगर अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री होते तो वे भी आपातकाल लगा देते।'

### 'अमित शाह कुछ नहीं जानते'

उद्धव ठाकरे की शिवसेना नेता ने कहा, 'यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला था, कुछ लोग देश में बम बना रहे थे और जगह-जगह बम फोड़ रहे थे। मैं आपको बताना चाहता हूं कि अमित शाह को आपातकाल के बारे में कुछ नहीं पता है। नकली शिवसेना (शिंदे) के साथ बाला साहब ठाकरे की तारीफ करने वालों ने आपातकाल का समर्थन किया है। बाला साहब ठाकरे ने उस समय आपातकाल का खुलकर समर्थन किया था। आरएसएस ने भी इसका समर्थन किया था।'

### 'बीजेपी संविधान की भक्षक'

संजय राउत ने कहा, 'शिवसेना नेता बाला साहब ठाकरे ने 1975 में आपातकाल का खुलकर समर्थन किया था। उन्होंने इंदिरा गांधी का खुलकर समर्थन किया था। मुंबई में उनका स्वागत किया गया था। उन्होंने आपातकाल का समर्थन किया क्योंकि उन्हें लगा कि देश में अराजकता को नियंत्रित करने की जरूरत है। इसमें क्या गलत था?...बीजेपी के 10 साल के शासन में जो हुआ उसे याद रखा जाएगा। वे संविधान के रक्षक भी नहीं हैं।'

### 'मोदी सरकार में संविधान की हत्या'

राउत ने आगे कहा,'यह सब होने के बाद देश में जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई। अटल बिहारी वाजपेई पीएम बने, उन्हें नहीं लगा कि संविधान की हत्या हुई है। लेकिन वे (बीजेपी) कौन हैं? उनके पास काम नहीं है इसलिए वे देश के लोगों को भटका रहे हैं। उनका दिमाग ठिकाने नहीं है।' पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए संजय राउत ने कहा, 'अगर हम आपातकाल की बात करें तो पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार का हर दिन संविधान की हत्या के लिए चिह्नित किया जाएगा।'



# अब गद्दारों का होगा हिसाब...

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग पर बोले नाना पटोले

- कांग्रेस सभी विधायकों को पार्टी से बाहर कर सकती है
- प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने सौंपी हाईकमान को रिपोर्ट

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर सत्तारूढ़ महायुति और महाविकास आघाडी के सभी दल तैयारियों में जुटे हैं, लेकिन महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में एमवीए को क्रॉस वोटिंग से झटका लगा है। कांग्रेस छह से सात विधायकों की क्रॉस वोटिंग से जहां शिवसेना यूबीटी उम्मीदवार मिलिंद नार्वेकर की जीत कुछ समय अटकी रहीं तो वहीं शरद पवार समर्थित जयंत पाटिल को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग को महायुति की जहां मजबूती झलकी है तो वहीं कांग्रेस की कलह उजागर हुई है, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस मुद्दे पर अजीबोगरीब बयान दिया है। पटोले का कहना है कि हमने जाल बिछाया था, जाल में बदमाश फंस गए। पार्टी के खिलाफ जाने वाले विधायकों पर कार्रवाई की जाएगी।



### हाईकमान को सौंपी रिपोर्ट

विधान परिषद चुनावों में अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी और सीएम शिंदे की शिवसेना के विधायकों के टूटने का दावा किया गया था लेकिन टूट कांग्रेस में हुई। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि हमने एक जाल बिछाया था। इसमें हम यह पता लगाने में सफल रहे हैं कि कौन से विधायक वफादार नहीं हैं। पटोले के अनुसार हाईकमान को सूचित कर दिया गया है। एक रिपोर्ट सौंप दी गई है। जिन लोगों ने पार्टी विरोधी काम किया है, पार्टी से गद्दारी की है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

### पहली बार क्रॉस वोटिंग नहीं

पटोले ने कहा कि 2022 के विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की उम्मीदवारी के दौरान भी हमने उनके पीछे एक जाल बिछाया था। जो एक बदमाश था जिसने तब भी उन्हें धोखा दिया था। जो बदमाश हैं वो अब हमारे जाल में आ गए हैं। ऐसे विश्वासघाती और विश्वासघाती लोगों को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया जाएगा।। उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि दोबारा कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। कांग्रेस के पास 37 विधायक हैं। आधा दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। ऐसे में अगर पार्टी इन्हें बाहर करती है तो विधायकों की संख्या 30 रह जाएगी। फिर भी कांग्रेस पार्टी महाविकास आघाडी में सबसे बड़ा दल रहेगी क्योंकि शिवसेना यूबीटी और शरद पवार के पास अभी 15 और 12 विधायक हैं।

# 'दुख के साथ-साथ खुशी के मौके पर भी मिलनी चाहिए पैरोल'

## HC ने बेटे को विदा करने अपराधी को किया रिहा



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि दुख बांटने के लिए पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर भी पैरोल मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और अपने पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि जेल में रहते हुए भी अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है। कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी उस वक्त की जब उसने एक अपराधी को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल प्रदान की।

### ट्यूशन फीस का प्रबंध करना चाहता था अपराधी

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के अपने आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति "मानवतावादी दृष्टिकोण" के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी।

### खुशी के मौके पर पैरोल क्यों नहीं

अभियोजन पक्ष ने इस दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि पैरोल आम तौर पर आपातकालीन स्थितियों में दी जाती है और शिक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करना व बेटे को विदा करना ऐसे आधार नहीं हैं जिन पर पैरोल दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष के इस तर्क को समझने में विफल रहा। अदालत ने कहा, "दुख एक भावना है, खुशी भी एक भावना है और अगर दुख साझा करने के लिए पैरोल दी जा सकती है, तो खुशी के मौके या पल को साझा करने के लिए क्यों नहीं।"

### अपराधी को 10 दिन की पैरोल

अदालत ने श्रीवास्तव को दस दिन की पैरोल मंजूर कर ली। श्रीवास्तव को 2012 के एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे 2018 में दोषी ठहराया गया था और 2019 में उसने अपनी सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी।

# 'सगे-सोयरे अध्यादेश जारी किया तो पूरी मुंबई को कर देंगे जाम'

## ओबीसी आंदोलनकर्ता हाके की शिंदे सरकार को चेतावनी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार मराठा और ओबीसी समाज के बीच की लड़ाई में बुरी तरह से फंस गई है। एक तरफ मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल मराठों और उनके सगे सोयरे (सगे-संबंधियों) को आरक्षण के लिए सरकार पर दबाव बनाए हुए हैं। मांग मंजूर नहीं करने पर महायुति के सभी 288 उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव में हराने की चेतावनी दे रहे हैं तो वहीं ओबीसी आरक्षण के पैरोकार लक्ष्मण हाके ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने सगे सोयरे अध्यादेश लागू किया तो वे मुंबई जाम कर देंगे। बता दें कि एक तरफ मनोज जरांगे पाटिल, मराठा समाज और उनके सगे संबंधियों के लिए ओबीसी कोटे से आरक्षण की मांग कर रहे हैं। निर्णय लेने के लिए उनकी तरफ से सरकार को दी गई 13 जुलाई की समय सीमा शनिवार को समाप्त हो गई है। इस मौके पर मनोज जरांगे की छत्रपति संभाजीनगर में होने वाली शांति रैली सभी की नजरे टिकी हैं। इस रैली में जरांगे के नए कदम की घोषणा से पहले ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके ने राज्य सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। लक्ष्मण हाके ने कहा है कि सरकार यदि सगे-सोयरे अध्यादेश जारी करती है और मराठा समाज को ओबीसी कोटे से आरक्षण देने का निर्णय लेती है को हम मुंबई जाम कर देंगे।

### सीएम शिंदे से की अपील



शुक्रवार को नवनाथ वाघमारे के साथ सांगोला तलसील पहुंचे लक्ष्मण हाके ने ओबीसी समाज के लोगों को संबोधित करने के दौरान ओबीसी नेता और महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मनोज जरांगे की आलोचना की। हाके ने सीएम शिंदे को याद दिलाया कि वे राज्य के 12 करोड़ लोगों का नेतृत्व कर रहे हैं। जिनमें 60 प्रतिशत लोग ओबीसी समाज के हैं और ओबीसी समाज ने महायुति को वोट दिया है। इसलिए सगे-सोयरे अध्यादेश लागू न करें, ऐसी अपील भी उन्होंने की। इससे सीएम शिंदे एक तरफ मनोज जरांगे पाटिल को दिए गए वचन और दूसरी तरफ लक्ष्मण हाके की चेतावनी से राज्य सरकार दुविधा में फंस गई है।

### जरांगे को दी चुनौती

ओबीसी आरक्षण के पैरोकार लक्ष्मण हाके ने मनोज जरांगे पाटिल को चुनौती देते हुए कहा कि वह 288 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की चेतावनी दे रहे हैं, तो वे ऐसा करके देख लें।

# रेल की पटरी टूटी, छत का एक हिस्सा गिरा



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

शनिवार को माटुंगा के पास रेल की पटरी टूट गई, जिसके कारण इस लाइन पर ४० मिनट तक व्यवधान बना रहा। इसके अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) की छत का एक छोटा हिस्सा टूटकर प्लेटफॉर्म ६ और ७ के बीच गिर पड़ा। गनीमत यह रहा कि इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। इसके चलते सीएसएमटी जाने वाली ट्रेनें २० से २५ मिनट देरी से चलीं। पश्चिम रेलवे की सेवाएं बिना किसी व्यवधान के १० मिनट की देरी चल रही थीं।

# दिल्ली में अमित शाह से मिले अजित पवार

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधान परिषद में जीत के बाद प्रदेश के डिप्टी सीएम अजित पवार शनिवार को अचानक दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हालांकि दोनों की मुलाकात का कोई औपचारिक ब्योरा सामने नहीं आ सका है लेकिन सूत्रों के हवाले से खबर है कि उनके बीच आगामी मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ विधान परिषद चुनाव पर भी चर्चा हुई है। शुक्रवार को विधान परिषद की 11 सीटों के लिए हुए चुनाव में महायुति ने महाविकास अघाड़ी पर शानदार जीत हासिल की थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पांच सीटें जीतकर शरद पवार को झटका दिया था। अजित पवार की एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने दो-दो सीटें जीतीं।



### विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा

विधान परिषद चुनाव में एनसीपी की सफलता के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात पर राजनीतिक गलियारे में तरह तरह की चर्चा होने लगी है। दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई है लेकिन इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। इस बैठक के साथ ही अजित पवार तुरंत मुंबई के लिए रवाना हो गए।

### अबकी बार चाचा को झटका

लोकसभा चुनाव में सबसे अजित पवार की NCP को बड़ा झटका लगा था, अजित पवार को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली। इसलिए यह चर्चा शुरू हो गई थी कि एनसीपी में चाचा भतीजे से बेहतर हैं। लेकिन अब विधान परिषद चुनाव में भजीते ने चाचा को झटका दे दिया है। अजित पवार ने अपनी पार्टी में कोई फूट नहीं आने दी।

# आनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए रिपब्लिकन साइबर पैंथर्स तैयार : डॉ. रामदास आठवले

**मुंबई।** रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा है कि आनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए रिपब्लिकन साइबर पैंथर्स तैयार हैं और वे स्थापित पार्टियों के आईटी सेल के समान प्रभावी काम करेंगे। साथ ही, रिपब्लिकन कार्यकर्ताओं को नए जोश के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आह्वान भी किया। वह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की सोशल मीडिया और आईटी सेल के प्रशिक्षण और संवाद शिविर को संबोधित कर रहे थे। आईटी सेल का नेतृत्व आतिश कांबले कर रहे हैं और इसका विस्तार पूरे महाराष्ट्र में हो गया है। हमारे साइबर पैंथर्स पार्टी का पक्ष अच्छी तरह से प्रस्तुत कर रहे हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर विपक्ष द्वारा कई बार आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में शांतिपूर्वक जवाब देकर अपनी राजनीतिक भूमिका को स्पष्ट करना जरूरी है। हर किसी को हमारी बात समझ में आए यह जरूरी नहीं है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी भूमिका पेश करनी चाहिए।

### आईटी सेल के माध्यम से जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान




आठवले ने आगे कहा कि पार्टी की नीतियों, भूमिकाओं और उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए और राजनीतिक साइबर युद्ध में सफल होने के लिए नए तकनीक का उपयोग अपरिहार्य है। डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके विपक्ष को प्रभावी ढंग से जवाब देने और स्थापित पार्टियों को अपनी ताकत दिखाने की जिम्मेदारी साइबर पैंथर्स की है, ऐसा आतिश कांबले ने कहा। रामदास आठवले ने रिपब्लिकन पार्टी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया और अपने महाराष्ट्र और देश भर के लाखों किलोमीटर के दौरों की जानकारी दी। उन्होंने आईटी सेल के माध्यम से इन बातों की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की सोशल मीडिया और आईटी सेल के इस शिविर में समाज कल्याण विभाग और एससी एसटी हब के अधिकारियों ने साइबर पैंथर्स को विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। राज्य के कोने-कोने से आए प्रमुख साइबर पैंथर्स इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शिविर को पूर्व राज्य मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश महातेकर, पूर्वोत्तर भारत के प्रभारी विनोद निकाळजे, महाराष्ट्र के महासचिव गौतम सोनवणे, सुरेश दादा बारसिंग, मुंबई प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ भाई कासारे, आदि मान्यवर उपस्थित थे।

## हाय रे गुस्सा!

# पैंट पर पड़ीं बारिश के पानी की छीटें, गुस्साए युवक ने ऑटो चालक को चाकू से गोदा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में मानसून के सीजन में हर साल जमकर बारिश होती है। मुंबई की सड़कें पानी के भराव से जाम हो जाती हैं। बारिश के पानी को लेकर मुंबई में जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस युवक ने एक ऑटो रिक्शा के पहिये से पानी के छींटे अपने ऊपर पड़ने के बाद ऑटो चालक पर हमला कर दिया।

### पानी के गड्ढे में चला गया ऑटो का पहिया



पुलिस के अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे घोड़बंदर रोड पर मोटरसाइकिल चलाते वक्त ऑटो के पहिये से पानी के छींटे पड़ने के बाद आरोपी शाहबाज उर्फ नन्नू खान की ऑटो चालक से कहासुनी हुई। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि ऑटो रिक्शा का एक पहिया एक गड्ढे में चला गया और पानी के छींटे खान पर पड़ गईं, जिससे वह गुस्सा हो गया।

### एक घंटे बाद गुस्साए युवक ने ऑटो चालक पर किया हमला

उन्होंने बताया कि एक घंटे बाद ऑटो चालक के उसी रास्ते से लौटते समय खान ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और जमकर पिटाई भी कर दी। ऑटो चालक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 127(1), 118(1), 115(2), 352 और 351(2) (आपराधिक आतंकवाद) के तहत केस दर्ज कर लिया। घायल ऑटो चालक को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

संपादकीय

# बारिश से हलकान जिंदगी

जिस्म झुलसाती गर्मी के बाद जिस मानसून के स्वागत में लोग पलक-पांवड़े बिछाए बैठे थे, उसके आने के बाद देश के विभिन्न भागों में बाढ़, भूस्खलन व जलभराव से सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। विभिन्न राज्यों में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। भारत ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल में भूस्खलन के बाद दो बसें उफनती नदी में गिर गई, जिससे साठ लोगों के लापता होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को आठ सौ गांव बाढ़ से प्रभावित बताए गए, जिसमें करीब चालीस लाख लोगों पर इसका असर पड़ा है। कई गांवों में घर से काम पर निकलने के लिये लोगों ने नावों का इस्तेमाल किया। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर तीन फीट से अधिक पानी खड़ा था। जिसके कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। पीलीभीत के एक डैम का पानी छोड़े जाने से दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। गांवों में चार से पांच फीट तक पानी भर जाने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी बाढ़ डेढ़ दशक बाद देखी गई है। कई स्थानों पर राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर बह रही है, जिससे कई गांवों पर बाढ़ का संकट मंडरा रहा है। लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। कई जगह कटाव के कारण जल भराव देखा गया है। नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के सात जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव में लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण से बाढ़ का जायजा लिया है। देश की वाणिज्य राजधानी मुंबई में भी मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह बाधित रहा। जहां एक ओर सड़कें जलमग्न रही, रेल की पटरियों में पानी भर गया तो हवाई यात्रा भी बाधित हुई। कई एअरलाइन्स को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी कि हवाई जहाजों को उड़ान भरने में देरी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में बारिश कहर बनकर बरस रही है। पिछले पांच दिन से लगातार जारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से करीब दो सौ से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। सबसे चिंताजनक हालात चारधाम मार्ग पर हैं। करीब दो दर्जन स्थानों पर हुए भारी भूस्खलन से चारधाम यात्रा मार्ग पिछले तीन दिन से बंद है। जिसके चलते करीब चार हजार श्रद्धालु बीच में ही फंसे हुए हैं। बद्रीनाथ रूट पर भूस्खलन के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लगा है। सड़कों के किनारे गाड़ियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई गहरे निचले इलाकों में जलभराव के कारण यातायात ठप हो गया है। हालांकि बद्रीनाथ मार्ग पर प्रशासन सड़कों से मलबा हटाने में जुटा है लेकिन बारिश के कारण राहत कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। यही वजह है कि अधिकांश श्रद्धालु जोशीमठ के आसपास फंसे हुए हैं। उधर भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ इलाकों में मछुआरों को समुद्र तटीय इलाकों में न जाने की सलाह दी गई है। वहीं बारिश के सकारात्मक पक्ष की बात यह कि करीब डेढ़ सौ जलाशयों की निगरानी करने वाले सेंटर वॉटर कमीशन ने घोषणा की है कि जलाशयों का जलस्तर पिछले दस महीनों में पहली बार बढ़ा है। लेकिन एक बात तो साफ है कि शासन-प्रशासन समय रहते न तो अतिवृष्टि के प्रभावों को कम करने के ठोस कदम उठाता है और न ही इस चुनौती से मुकाबले के लिये लोगों को जागरूक करता है।

# कारगिल के सबक दूर करेंगे अग्निपथ की खामियां



**सी. उदय भास्कर**

कारगिल युद्ध (1999) में 4 जुलाई का बड़ा महत्व है, इस दिन इस युद्ध के क्रियान्वयन एवं राजनीतिक पहलुओं पर गोष्ठियां आयोजित होती हैं। इस बार, वर्तमान चुनौती-अग्निपथ योजना- के बीच चले विमर्शों ने ऊंचाई वाले रणक्षेत्र के रक्षा प्रबंधन तंत्र में सुधार हेतु महत्वपूर्ण उपाय पेश किए हैं। क्रियान्वयन के स्तर पर, टाइगर हिल (16,606 फीट) पर 18वीं ग्रेनेडियर बटालियन की 'घातक' पलटन द्वारा किया कब्जा भारत के लिए निर्णायक मोड़ वाला रहा, पाकिस्तानी सेना का नेतृत्व कर रहे जनरल परवेज़ मुशर्रफ को इस नुकसान से भान हो चला था कि यह उनके बेवकूफाना दुस्साहस के अंत की शुरुआत है। राजनीतिक स्तर पर, तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति से वाशिंगटन डीसी में तत्काल मुलाकात के लिए समय मांगा, इसका परिणाम स्पष्ट था। जहां नवाज़ शरीफ की इच्छा अमेरिकी दखल से भारत को संयमित करवाने की थी वहीं क्लिंटन का संदेश एकदम दृढ़ था 'पाकिस्तानी फौजियों को वास्तविक नियंत्रण सीमा के पार, वापस अपनी पुरानी जगह पर लौटना होगा।' लाचार हुए पाकिस्तान प्रधानमंत्री के पास इस सलाह को मानने के अलावा कोई अन्य चारा न था, यह थप्पड़ रावलपिंडी के पाकिस्तानी सेना मुख्यालय में बैठे जनरलों के मुंह पर भी अपमान का तमाचा था।

हालांकि, आधिकारिक रूप से युद्ध 26 जुलाई को समाप्त घोषित हुआ था, जिसे भारत में 'विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संभावना है कि भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार इस अवसर की 25वीं वर्षगांठ को विशाल स्तर पर मनाएगी। इस लड़ाई के परिणामों का गहराई से आकलन और विमर्श, भारत की मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में इनकी प्रासंगिकता की अहमियत पर पुनर्विचार करने का आह्वान करते हैं। वर्ष 1999 के युद्ध साल को कई वजहों से त्रिकोणीय कहा जा सकता है– मसलन, चाहे यह 'परमाणु परछाई' (भारत और पाकिस्तान, दोनों ने, मई 1998 में अपनी परमाणु समर्था का प्रदर्शन किया) या दिसम्बर, 1991 में महाशक्तियों के बीच शीत युद्ध की समाप्ति के बाद कारगिल युद्ध इस उप-महाद्वीप का पहला बड़ा संघर्ष था या फिर इस तथ्य के मद्देनज़र कि उस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी कार्यकारी प्रधानमंत्री थे। लेकिन मेरी नज़र में इस युद्ध का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम वह फैसला था जब भाजपा नीत एनडीए ने लड़ाई से पहले की कोताहियों और कमियों की उद्देश्यपूर्ण समीक्षा के लिए गैर-सरकारी विशेषज्ञों के समूह को काम सौंपना स्वीकार किया।

कारगिल युद्ध जीत थी भारतीय फौजी की कभी न दबने वाली लड़ाकू खासियत और पराक्रम की, और टाइगर हिल एवं तोलोलिंग चोटी पर फतह इसका जीवंत उदाहरण है। बेशक जहां इस बहादुरी को याद किया जाता है और मानना बनता है, वहीं बड़ी संख्या में जवानों की कीमती जानों का बलिदान हुआ, वहीं ऊंचाई वाले रणक्षेत्र की बाबत देश के रक्षा विभाग के कर्ता-धर्ताओं को उनकी व्यापक असफलताओं के लिए कठघरे में भी खड़ा करता है। यह श्रेय तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी को जाता है कि उन्होंने 29 जुलाई, 1999 को रक्षा अध्ययन विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम के नेतृत्व में एक समीक्षा कमेटी गठित की, जिसको काम सौंपा गया- जम्मू-कश्मीर के लद्दाख जिले के कारगिल में पाकिस्तानियों की घुसपैठ के पूर्व-कारकों की पड़ताल और भविष्य में इस प्रकार की सशस्त्र सेंधमारी से राष्ट्रीय सुरक्षा को पैदा होने वाले खतरों की रोकथाम के आवश्यक उपाय सुझाना। विशेष व प्रशंसनीय ढंग से, कारगिल समीक्षा कमेटी ने समय से पहले अपना काम दिसम्बर, 1999 के मध्य में पूरा कर दिखाया– तयशुदा सीमा से एक महीना पहले– और 23 फरवरी, 2000 को कारगिल रिपोर्ट संसद में पेश की गई। तुरंत बाद, यह रिपोर्ट बतौर एक किताब छपी और कुछ हिस्सों की कांट-छांट के बाद सार्वजनिक तौर पर भी जारी हुई। 'कारगिल-1999' नामक यह रिपोर्ट काफी हद तक पारदर्शितापूर्ण है जबकि अक्तूबर, 1962 में चीन के हाथों मिली अभागी हार की समीक्षा में ऐसा अभी तक नहीं हो पाया। नेहरू से लेकर मोदी तक आए, किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना निश्चय नहीं दिखाया कि हेंडरसन-ब्रुक्स रिपोर्ट को सार्वजनिक रूप से जारी किया जाए, हालांकि लीक हुए दस्तावेज साइबर स्पेस पर उपलब्ध हैं। जैसा कि अनुमान था, मोदी सरकार ने अग्निपथ के बचाव में, भाजपा में शामिल हो चुके, पूर्व वायुसेनाध्यक्ष एअर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया को मैदान में उतारा। इस तरह एक संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के कड़वाहट भरे ध्रुवीकृत खेल में तबदील हो गया। यह खतरनाक है और इससे बचा जाना चाहिए था। सरकार चाहे तो संसद और मीडिया में चल रही गर्मागर्म बहसों का तापमान ठंडा करने को, इस मौजूदा समस्या का हल कारगिल से मिले सबक लागू कर निकाल सकती है। वह विपक्ष और शिकायत कर रहे जनपक्ष को आश्वस्त करे कि जाने-माने गैर-राजनीतिक विशेषज्ञों की टीम द्वारा, खुले मन से, तय समय-सीमा के भीतर, इस योजना पर पुनर्विचार करवाया जाएगा। यह पहली बार नहीं होगा कि वक्त की हुकूमत सेना की भर्ती- नीतियों की पुनर्समीक्षा करवाना चाहेगी, इसके लिए विगत में ले. के बालाराम और ले. जनरल हरवंत सिंह द्वारा बनाई रिपोर्टों का पुनः अध्ययन किया जा सकता है।

सहज योग

# कुंडलनी जागरण के फायदे



यह एक निष्क्रिय क्रिया है जो आपकी सबसे अच्छी मदद करेगी, तो कोई भी मंत्र बोलने की आवश्यकता नहीं है। आत्मसाक्षात्कार के बाद आपको पता होना चाहिए, कौन सा मंत्र कहां बोलना है। उसके बारे में बड़ा विज्ञान है।

आपको अब संपर्क दे दिया है। वह आपको जलाता है, वह आपको बेचैन करता है। कभी आपको धड़कन महसूस होती है, कभी आपको लगता है की कुछ बह रहा है। इस तरह आपको पता चलता है। यह वह ज्ञान है, जिसके लिए आपको स्कूल जाने की ज़रुरत नहीं है। मैं यहां हूं इन सबको समझाने के लिए और आपको बताने के लिए और फिर आप देखिए वह सही है या नहीं। आप बताए की ऐसा है या नहीं। केवल यह नहीं की आप दूसरे व्यक्ति को महसूस कर सकते है, पर उसके साथ आप उस व्यक्ति की कुंडलनी भी उठा सकते हैं। कुंडलनी उठाने से आप उसकी शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परेशानियां भी ठीक कर सकते हैं। उन्हें आत्मसाक्षात्कार देने से आप उनकी आध्यात्मिक परेशानियां दूर कर सकते है, और इस तरह वे परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप में से कोई भी कुछ प्रश्न पूछना चाहे या कुछ समझना चाहे, तो श्री माता जी उसका उत्तर देने के लिए तैयार हैं।

आपका चित्त हल्का होना चाहिए, फ्री होना चाहिए। आपके आत्मसाक्षात्कार के समय जब कुंडलनी जागृत करते हैं, आपका पूरा चित्त अंदर लिया जाता है और कुंडलनी उठते समय उसे अपने सिर पर बिठा-कर चित्त को सहस्त्रार से बाहर ले जाती है। इसलिए उस समय सबसे अच्छा है की अपने आप को ढीला छोड़ दे। सिर्फ नीचे बैठे, उसे देखे क्या हो रहा है, कुछ भी करने की जगह। यह एक निष्क्रिय क्रिया है जो आपकी सबसे अच्छी मदद करेगी, तो कोई भी मंत्र बोलने की आवश्यकता नहीं है। आत्मसाक्षात्कार के बाद आपको पता होना चाहिए, कौन सा मंत्र कहां बोलना है। उसके बारे में बड़ा विज्ञान है।

तो पूरा तंत्र जिसे आप कुंडलनी कहते हैं, वहां है। पर आपको पता होना चाहिए। उसे कैसे नियंत्रित करना है या संभालना है। कौन सा मंत्र कहना है, क्या कहना है कौन से चक्र में कुछ कमी है, उसमें आपको निपुण होना है। यह कठिन नहीं है, कोई भी इसमें निपुण हो सकता है। एक छोटी लड़की है प्रज्ञा, उसने भी कुंडलनी में निपुणता हासिल की है वो कर सकती है, तो आप लोग क्यों नहीं कर सकते? तो आपको सिर्फ पता होना चाहिए की कौन सा चक्र ख़राब है और आप उन्हें ठीक भी कर सकते हैं। अभी जो लोग आत्मसाक्षात्कारी नहीं है, आप लोग अपना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है, तो आप जाएंगे और उन लोगों से मिलेंगे। वहां आप जाएं और वो आपको बताएंगे की आपको आगे क्या करना है। उसकी गहनता में जाइए और खुद को स्थापित कीजिए और कुंडलनी में निपुण होइए। यह सब गुह्य गुह्यतम है। मैंने उन्हें बताया है और आपको उसका पूरा ज्ञान मिलेगा।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | गोपाल गणेश अगरकर

# उदार बौद्धिक विचारकों में से एक



गोपाल गणेश अगरकर एक बुद्धिजीवी और समाज सुधारक थे। यही वह समय था जब उन्हें समाज को पुनर्गठित करने की आवश्यकता महसूस हुई।मात्र 39 वर्ष के अपने जीवन में गोपाल गणेश अगरकर ने पूरे महाराष्ट्र को हिलाकर रख दिया और अपनी साहसिक लेखनी से आने वाली कई पीढ़ियों को सोचने पर मजबूर कर दिया।अगरकर न केवल एक समाज सुधारक थे, बल्कि उस समय भारत में उभरे कुछ उदार, बौद्धिक विचारकों में से एक थे।


गोपाल गणेश अगरकर का जन्म 14 जुलाई, 1856 को सतारा जिले के तेम्भू गांव में एक गरीब परिवार में हुआ था। अपने कॉलेज जीवन में, अगरकर जॉन स्टुअर्ट मिल और हर्बर्ट स्पेंसर के विचारों की ओर आकर्षित हुए और उन्होंने एक तर्कवादी और अज्ञेयवादी दृष्टिकोण विकसित किया। जब आगरकर विश्वविद्यालय में थे, तब उन्होंने विष्णुशास्त्री चिपलूनकर और लोकमान्य तिलक से हाथ मिलाया, जो दोनों पुणे में राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रचार कर रहे थे। दूसरों को शिक्षित करने और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए, तीनों ने 1880 में पुणे में न्यू इंग्लिश स्कूल की स्थापना की, और 1881 में केसरी (मराठी) और महरत्ता (अंग्रेजी) समाचार पत्र भी शुरू किए। अगरकर ने न्यू इंग्लिश स्कूल में पढ़ाया। केसरी के संपादक के रूप में उनके काम ने उनके प्रभावी लेखन और कुशल संपादन के बल पर कम समय में अखबार को लोकप्रियता दिलाई। उन्होंने फर्ग्यूसन कॉलेज और न्यू इंग्लिश स्कूल के नेताओं द्वारा स्थापित डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी के प्रिंसिपल (1892) के रूप में भी काम किया। केसरी में उनकी अधिकांश रचनाएं समाज के बारे में थीं। हालांकि समाजशास्त्रीय चिंतन उनके व्यक्तित्व का एक स्थायी गुण था, लेकिन अगरकर ने राजनीतिक चिंतन के उन्माद में तिलक को पकड़ लिया। राजनीतिक अधिकारों और राजनीतिक स्वतंत्रता के प्रति उनकी जागरूकता उनके लेखन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती थी। चिपलूनकर की सेवानिवृत्ति के बाद, अगरकर ने केसरी छोड़ने तक महाराष्ट्र में राजनीतिक जागरूकता पैदा करने का काम किया। केसरी और मराठा के साथ उनकी वैचारिक दुविधा तब शुरू हुई जब तिलक को लगा कि सामाजिक मुद्दों की तुलना में राजनीतिक मुद्दों को रेखांकित करना अधिक महत्वपूर्ण है। परिणामस्वरूप, अगरकर ने 1887 में केसरी से किनारा कर लिया और 1888 में सुधारक समाचार पत्र निकाला, जिसमें राजनीतिक और आर्थिक लेख शामिल थे लेकिन इससे उन्हें अपने क्रांतिकारी सामाजिक विचारों का प्रचार करने में मदद मिली। सुधारक के लेखों में सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर सूक्ष्म अवलोकन और गहन चिंतन शामिल था। महिलाओं के कपड़े, विधवाओं के बाल कटाने, स्नान, अंत्येष्टि और शेविंग, अन्य। धर्मशास्त्र और धर्म से निकटता से संबंधित विभिन्न विषयों, जैसे देवताओं की उत्पत्ति, मूर्तिपूजा और आत्मा के बाद के जीवन को भी कवर किया गया था। कुछ लेखों ने सामाजिक सुधार और कानून के बीच क्या संबंध होना चाहिए, इस पर अगरकर की स्थिति प्रस्तुत की, जबकि अन्य ने महिलाओं की शिक्षा-संबंधी मुद्दों पर कट्टरपंथी विचार प्रदान किए। उनकी पुस्तकों में शेक्सपियर के नाटक हैमलेट का अनुवाद शामिल है, जिसका शीर्षक विकारविलासित (1883) है; डोंगरिच्या तुरुंगातिल आमचे 101 दिवस (1882); शेठ माधवदास रघुनाथदास वा बाई धनकुवरबाई यान्चे पुनर्विवाह-चरित्र (1907); तथा वाक्य-मीमांसा आनि वाक्याचे पृथक्करन। अगरकर की 17 जून, 1895 को पुणे में अस्थमा से मृत्यु हो गई।

जीवन ऊर्जा

अन्‍र्स्ट इंगमार बर्गमैन : जन्म- 14 जुलाई, 1918 — जन्म

# हम एक दूसरे को जीवंत बनाते हैं

अन्‍र्स्ट इंगमार बर्गमैनएक स्वीडिश पटकथा लेखक के साथ फिल्म और थिएटर निर्देशक भी थे। जन्म 14 जुलाई 1918 को स्वीडन के उप्साला में हुआ था। व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान और सबसे प्रभावशाली निर्देशकों में से एक माने जाने वाले, बर्गमैन की फिल्मों को ह्मानस और आत्मा का सामना करने वाले असंख्य संघर्षों पर गहन व्यक्तिगत ध्यान के रूप में जाना जाता है। उनकी कुछ फिल्में सबसे प्रशंसित कार्यों में द सेवेंथ सील (1957), वाइल्ड स्ट्रॉबेरी (1957), पर्सोना (1966), और फैनी एंड अलेक्जेंडर (1982) शामिल हैं।



अपने सपने में स्थायी रूप से रह रहा हूं, जहां से मैं संक्षेप में वास्तविकता में प्रवेश करता हूं। केवल वही व्यक्ति जो अच्छी तरह से तैयार है, उसे सुधार करने का अवसर मिलता है। हम एक दूसरे को जीवंत बनाते हैं,अगर दर्द हो तो कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने सभी निर्णय अंतर्ज्ञान पर लेता हूं। लेकिन फिर, मुझे पता होना चाहिए कि मैंने यह निर्णय क्यों लिया। मैं अंधेरे में तीर फेंकता हूं। यही अंतर्ज्ञान है, तब मुझे भाले को खोजने के लिए अंधेरे में एक सेना भेजनी होगी और यही बुद्धि है।कला का कोई भी रूप सामान्य चेतना से परे नहीं जाता जैसा कि फिल्म करती है, सीधे हमारी भावनाओं तक, आत्मा के गहराई तक।बुढ़ापा पहाड़ पर चढ़ने जैसा है। आप एक कगार से दूसरे कगार पर चढ़ते हैं। आप जितना ऊपर चढ़ते हैं, आप उतने ही अधिक थके हुए और बेदम हो जाते हैं, लेकिन आपके विचार अधिक व्यापक हो जाते हैं। एक फिल्म की शूटिंग करना पूरे ब्रह्मांड को व्यवस्थित करना है।फिल्म सपने की तरह है, फिल्म संगीत की तरह है। कोई भी कला फिल्म की तरह हमारे विवेक से नहीं गुजरती हैऔर सीधे हमारी भावनाओं तक, हमारी आत्मा के अंधेरे कमरों में गहराई तक जाती है।यहां, अपने एकांत में, मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि मुझमें बहुत ज्यादा मानवता है।

जब आप लगातार प्रेरणाहीन महसूस करते हैं, तो आप अस्वस्थ तरीके से अपने अस्तित्व पर सवाल उठाना शुरू कर देते हैं; हर चीज़ एक छद्म बौद्धिक प्रश्न बन जाती है जिसका उत्तर देने में आपकी कोई रुचि नहीं होती। यह पूरी प्रक्रिया आपकी त्वचा बन जाती है और यह केवल आपको प्रभावित नहीं करती है; यह वास्तव में आपको परिभाषित करता है। तो, आप अपने आप को एक छायादार व्यक्ति के रूप में देखते हैं जो रुचि विकसित करने के योग्य नहीं है, दुनिया के बारे में सोचने के अयोग्य है - हर मायने में बेहद अयोग्य है और आपकी उपस्थिति में ही गहराई से अनुपस्थित है।

प्रेरक प्रसंग

# ज्ञानपिपासु

एक गुरु के दो शिष्य थे। एक पढ़ाई में बहुत तेज और विद्वान था और दूसरा फिसड्डी। पहले शिष्य की हर जगह प्रसंशा और सम्मान होता था। जबकि दूसरे शिष्य की लोग उपेक्षा करते थे। एक दिन रोष में दूसरा शिष्य गुरू जी के जाकर बोला, "गुरूजी! मैं उससे पहले से आपके पास



विद्याध्ययन कर रहा हूँ। फिर भी आपने उसे मुझसे अधिक शिक्षा दी।"

गुरुजी थोड़ी देर मौन रहने के बाद बोले, "पहले तुम एक कहानी सुनो। एक यात्री कहीं जा रहा था। रास्ते में उसे प्यास लगी। थोड़ी दूर पर उसे एक कुआं मिला। कुएं पर बाल्टी तो थी लेकिन रस्सी नही थी। इसलिए वह आगे बढ़ गया। थोड़ी देर बाद एक दूसरा यात्री उस कुएं के पास आया। कुएं पर रस्सी न देखकर उसने इधर-उधर देखा।पास में ही बड़ी बड़ी घास उगी थी। उसने घास उखाड़कर रस्सी बटना प्रारम्भ किया।

थोड़ी देर में एक लंबी रस्सी तैयार हो गयी। जिसकी सहायता से उसने कुएं से पानी निकाला और अपनी प्यास बुझा ली।" गुरु जी ने उस शिष्य से पूछा, "अब तुम मुझे यह बताओ कि प्यास किस यात्री को ज्यादा लगी थी?" शिष्य ने तुरंत उत्तर दिया कि दूसरे यात्री को। गुरूजी फिर बोले, "प्यास दूसरे यात्री को ज्यादा लगी थी। यह हम इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उसने प्यास बुझाने के लिए परिश्रम किया। उसी प्रकार तुम्हारे सहपाठी में ज्ञान की प्यास है। जिसे बुझाने लिए वह कठिन परिश्रम करता है। जबकि तुम ऐसा नहीं करते।" शिष्य को अपने प्रश्न का उत्तर मिल चुका था। वह भी कठिन परिश्रम में जुट गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# वीर अंगद के वचन

(भाग 1)

वानरराज सुग्रीव द्वारा जिन वानरों का समूह दक्षिण दिशा की तरफ भेजा गया था वह माता सीता जी की खोज करते करते समुद्र तट के किनारे पर पहुँचे,समुद्र का विस्तार और विशाल जलराशि देखकर समूह में निराशा की लहर दौड़ पडी,अब क्या किया जाय अवधि तो बीत गई,पर काम कुछ ना हुआ सब मिलकर आपस में बात करने लगे अब तो सीता जी की खबर लिए बिना लौटकर भी क्या करेंगे अंगद जी रोने लगे और बोले कि दोनों ही प्रकार हमारी मृत्यु है, यहाँ तो सीता जी की सुधि नहीं मिली वहाँ लौट जाने पर वानरराज सुग्रीव मार डालेंगे, वे तो पिता के वध होने पर ही मुझे मार डालते। श्री रामजी ने ही मेरी रक्षा की, इसमें सुग्रीव का कोई एहसान नहीं है। अंगद बार-बार सबसे कह रहे हैं कि अब मरण हुआ, इसमें कुछ भी संदेह नहीं है, वानर वीर अंगद के वचन सुनते हैं, किंतु कुछ बोल नहीं सकते। उनके नेत्रों से जल बह रहा है। एक क्षण के लिए सब सोच में मग्न हो रहे। फिर सब ऐसा वचन कहने लगे हे युवराज हम सीता जी की खोज



किए बिना यहाँ से वापस नहीं लौटेंगे, ऐसा कहकर सभी वानर समुद्र तट के किनारे कुश बिछाकर बैठ गए,जामवंत जी ने अंगद को दुखी देखा तो उन्होंने अंगद को समझाना प्रारंभ किया,हे तात... राम जी को मनुष्य ना मानो उन्हें निर्गुण ब्रह्म,अजेय और अजन्मा समझो, देवता, पृथ्वी,गौ, ब्राह्मण के लिए भगवान अपनी इच्छा से अवतार लेते हैं, सगुणोपासक (भक्तगण सालोक्य, सामीप्य, सारुप्य, सार्ष्टि और सायुज्य) सब प्रकार के मोक्षों को त्यागकर उनकी सेवा में साथ रहते हैं, जामवंत जी भगवान की लीलाओं और भगवन नाम की महिमा,और ईश्वरीय सत्ता के बारे में अंगद जी को बता रहे थे,उनकी यह बात पर्वत की कन्दरा में निवास कर रहे सम्पाती नामक गिद्ध ने सुनी तो वह कन्दरा से बाहर निकल आया बाहर निकलकर उसने बहुत से वानर देखे। (तब वह बोला-) जगदीश्वर ने मुझको घर बैठे बहुत सा आहार भेज दियाआज इन सबको खा जाऊँगा। बहुत दिन बीत गए, भोजन के बिना मर रहा था। पेटभर भोजन कभी नहीं मिलता। आज विधाता ने एक ही बार में बहुत सा भोजन दे दिया सम्पाती के वचन सुनकर सब डर गए, कि अब सचमुच ही मरना हो गया। यह हमने जान लिया। फिर उस गीध (सम्पाती) को देखकर सब वानर उठ खड़े हुए। जाम्बवान् के मन में विशेष सोच हुआअंगद ने मन में विचार कर कहा- अहा! जटायु के समान धन्य कोई नहीं है। श्री रामजी के कार्य के लिए शरीर छोड़कर वह परम बड़भागी भगवान् के श्री धाम को चला गया जब सम्पाती ने अंगद के मुख से यह बात सुनी, तो वह वानरों के पास गया सम्पाती के पास आने से सभी वानर डर गए, परन्तु सम्पाती ने उनको अभय का वचन देकर जटायु का वृत्तांत पूंछा, तब उन्होंने जटायु की सारी कथा सम्पाती को कह सुनाई, अपने भाई जटायु की करनी सुनकर सम्पाती ने बहुत प्रकार से श्री रघुनाथजी की महिमा वर्णन किया, और वानरों से बोला कि मुझे समुद्र के किनारे ले चलो, मैं जटायु को तिलांजलि दे दूँ। **(क्रमशः)**



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# थोसेघर झरना की खूबसूरती निहारते रह जाएंगे


sachinkgupta.com

थोसेघर झरना भारत के महाराष्ट्र के सतारा जिले में थोसेघर के छोटे से गांव के पास स्थित एक खूबसूरत झरना है। यह एक लोकप्रिय गंतव्य है, खासकर मानसून के मौसम में जब झरना अपने सबसे शानदार रूप में होता है।

## थोसेघर जलप्रपात तक पहुंचना

**जगह:** थोसेघर जलप्रपात सतारा से लगभग 20 किलोमीटर दूर है, जो सड़क मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

**यात्रा:** आप मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों से बस या ट्रेन द्वारा सतारा पहुँच सकते हैं। सतारा से, आप टैक्सी ले सकते हैं या थोसेघर जलप्रपात तक ड्राइव कर सकते हैं।

## यहां की खूबसूरती

**खूबसूरत ड्राइव:** थोसेघर जलप्रपात तक ड्राइव करना सुरम्य है, जिसमें हरी-भरी पहाड़ियां और घुमावदार सड़कें हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य:** जब आप पहुंचते हैं, तो आपको झरने की आवाज़ और बहुत ऊंचाई से नीचे गिरते पानी का नज़ारा दिखाई देता है। यह क्षेत्र घने जंगल और हरियाली से घिरा हुआ है, जो इसे एक शांत और तरोताज़ा करने वाला स्थान बनाता है।

## थोसेघर फॉल्स की खोज

**झरने के नज़ारे:** थोसेघर फॉल्स कई छोटे झरनों से बना है, जिसमें मुख्य झरना सबसे ऊंचा है। पानी लगभग 500 मीटर की ऊंचाई से गिरता है, जो एक शानदार नज़ारा पेश करता है।

**व्यूइंग प्लेटफ़ॉर्म:** एक अच्छी तरह से बनाए रखा गया व्यूइंग प्लेटफ़ॉर्म है जहां आप खड़े होकर झरने की प्रशंसा कर सकते हैं। प्लेटफ़ॉर्म से झरने का सुरक्षित और स्पष्ट दृश्य दिखाई देता है।

फ़ोटोग्राफ़ी: फ़ोटोग्राफ़ी के लिए झरने एक बेहतरीन जगह हैं। झरने से निकलने वाली धुंध, हरा-भरा वातावरण और बहता पानी, कैप्चर करने के लिए खूबसूरत नज़ारे बनाते हैं।

## थोसेघर फॉल्स में एक्टिविटी

**नेचर वॉक:** आप इलाके में आराम से टहल सकते हैं। रास्ते पेड़ों और पौधों से घिरे हैं, जो एक सुखद नेचर वॉक प्रदान करते हैं।

**पिकनिक:** झरने के पास ऐसी जगहें हैं जहां आप पिकनिक मना सकते हैं। झरने की आवाज़ सुनते हुए भोजन का आनंद लेना एक सुखद अनुभव है।

सुरक्षा टिप्स

**पथ पर रहें:** चिह्नित पथों और व्यूइंग प्लेटफ़ॉर्म पर रहना जरूरी है। झरने के पास की चट्टानें फिसलन भरी हो सकती हैं, खासकर मानसून के मौसम में।

**बच्चों की निगरानी करें:** अगर आप बच्चों के साथ घूमने जा रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर समय उन पर नज़र रखें।

## आस-पास के आकर्षण

**कास पठार:** थोसेघर फॉल्स से लगभग 25 किलोमीटर दूर कास पठार है, जिसे ₹महाराष्ट्र की फूलों की घाटी₹ के रूप में जाना जाता है। यह घूमने के लिए एक खूबसूरत जगह है, खासकर अगर आपको जंगली फूल देखना पसंद है।

**सज्जनगढ़ किला:** सज्जनगढ़ किला एक और नज़दीकी आकर्षण है, जो थोसेघर फॉल्स से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। किले का ऐतिहासिक महत्व है और यह आसपास के क्षेत्र का शानदार नज़ारा पेश करता है।

## खाना-पीना और जलपान

**स्थानीय भोजनालय:** थोसेघर फॉल्स के पास छोटे-छोटे भोजनालय हैं, जहां आप नाश्ता और जलपान खरीद सकते हैं। कुछ स्थानीय स्नैक्स के साथ एक गर्म कप चाय या कॉफी का आनंद लेना अनुभव को और भी बेहतर बनाता है।

आवास

**सतारा में ठहरें:** ज़्यादातर आगंतुक सतारा में ठहरना पसंद करते हैं, जहां बजट होटल और आरामदायक ठहरने सहित कई तरह के आवास विकल्प उपलब्ध हैं। सतारा एक दिन की यात्रा के लिए थोसेघर फॉल्स के काफ़ी नज़दीक है।

**प्रकृति रिसॉर्ट:** जो लोग प्रकृति के करीब रहना चाहते हैं, उनके लिए थोसेघर फॉल्स के पास कुछ प्रकृति रिसॉर्ट और गेस्टहाउस हैं।

# सावन में सोमवार व्रत में खाएं हेल्दी फूड



सावन में सोमवार व्रत में क्या खाना चाहिए, इसके बारे में जानने से पहले यह समझना जरूरी है कि सावन का महीना हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा विशेष रूप से की जाती है और कई लोग इस दौरान सोमवार के दिन व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि व्रत सफलतापूर्वक और धार्मिक नियमों के अनुसार पूरा हो सके।

## व्रत के दौरान खाए जाने वाले खाद्य पदार्थ

### फलों का सेवन:

व्रत के दौरान फल खाना बहुत ही शुभ माना जाता है। आप सेब, केला, अंगूर, अनार, पपीता, और मौसमी फलों का सेवन कर सकते हैं। फलों का रस भी पी सकते हैं।

### साबूदाना:

साबूदाना से बनी चीजें व्रत में खाई जा सकती हैं। साबूदाना खिचड़ी, साबूदाना वड़ा, साबूदाना पापड़ आदि बना सकते हैं। साबूदाना हल्का और पाचक होता है, जो व्रत के दौरान शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

### आलू:

आलू व्रत के दौरान बहुत पसंद किया जाता है। आप आलू की सब्जी, आलू का हलवा, आलू टिक्की आदि बना सकते हैं। यह स्वादिष्ट और पेट भरने वाला होता है।

### दही:

दही का सेवन व्रत में अच्छा माना जाता है। दही शरीर को ठंडक पहुंचाता है और पेट के लिए भी लाभकारी होता है। आप दही के साथ फल या दही में नमक और भुना जीरा डालकर खा सकते हैं।

### मखाना:

मखाना भी व्रत के दौरान खाया जा सकता है। मखाना रोस्ट करके या मखाना खीर बनाकर खा सकते हैं। यह हल्का और पौष्टिक होता है।

### सिंघाड़े का आटा:

सिंघाड़े का आटा व्रत में खाने के लिए उपयुक्त होता है। इससे पूड़ी, हलवा, या चीला बना सकते हैं।

### कुट्टू का आटा:

कुट्टू के आटे से भी विभिन्न व्यंजन बनाए जा सकते हैं जैसे कुट्टू की पूड़ी, कुट्टू के आटे की पकौड़ी, या पराठा। यह व्रत के दौरान खाने के लिए उपयुक्त होता है।

### दूध और दूध से बने फूड:

दूध, दही, पनीर, छाछ आदि का सेवन भी व्रत में किया जा सकता है। दूध से बनी चीजें ऊर्जा प्रदान करती हैं और पोषण से भरपूर होती हैं।

### नारियल:

नारियल पानी पी सकते हैं और नारियल के टुकड़े खा सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और एनर्जी भी प्रदान करता है।

व्रत के दौरान परहेज

अनाज: व्रत में चावल, गेहूं और अन्य अनाज नहीं खाए जाते।

नमक: साधारण नमक की जगह सेंधा नमक (लाहौरी नमक) का उपयोग किया जाता है।

तली-भुनी चीजें: अत्यधिक तली-भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता।

# नकारात्मक सोच से करें डील



दुख, गुस्सा या हताशा जैसी नकारात्मक भावनाएं जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं। हर कोई किसी न किसी समय इनका अनुभव करता है। यह जानना जरूरी है कि इन भावनाओं से स्वस्थ तरीके से कैसे निपटा जाए। नकारात्मक भावनाओं को प्रबंधित करने के लिए यहां कुछ सरल और प्रभावी रणनीतियां दी गई हैं।

## अपनी भावनाओं को पहचानें

**भावना को पहचानें:** पहला कदम यह पहचानना है कि आप क्या महसूस कर रहे हैं। क्या आप दुखी, क्रोधित, डरे हुए हैं या कुछ और? अपनी भावनाओं को समझने से आपको उनसे बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलती है।

**अपनी भावनाओं को स्वीकार करें:** नकारात्मक भावनाओं को महसूस करना ठीक है। यह स्वीकार करना कि आप परेशान या क्रोधित हैं, उन भावनाओं को प्रबंधित करने की दिशा में पहला कदम है।

## अपनी भावनाओं को व्यक्त करें

**किसी से बात करें:** अपनी भावनाओं को किसी मित्र, परिवार के सदस्य या चिकित्सक के साथ साझा करना मददगार हो सकता है। अपनी भावनाओं के बारे में बात करने से वे कम भारी लग सकती हैं।

**इसे लिखें:** एक डायरी रखना अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक शानदार तरीका है। जो आपको परेशान कर रहा है उसके बारे में लिखना स्पष्टता और राहत प्रदान कर सकता है।

## विश्राम तकनीक का अभ्यास करें

**गहरी सांस लें:** धीमी, गहरी सांस लें। अपनी नाक से गहरी सांस लें, कुछ सेकंड के लिए रोकें, और अपने मुंह से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। यह आपके दिमाग को शांत करने और तनाव को कम करने में मदद कर सकता है।

**ध्यान:** हर दिन कुछ मिनट चुपचाप बैठकर अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करें। ध्यान आपको अधिक केंद्रित महसूस करने और नकारात्मक भावनाओं से कम प्रभावित होने में मदद कर सकता है।

## शारीरिक गतिविधि

**व्यायाम:** शारीरिक गतिविधि तनाव को कम करने और आपके मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। टहलने जाएँ, दौड़ें या डांस या तैराकी जैसी कोई मज़ेदार गतिविधि आज़माएँ।

**स्ट्रेचिंग:** सरल स्ट्रेच आपके शरीर में तनाव को कम कर सकते हैं और आपको अधिक आराम महसूस करने में मदद कर सकते हैं।

## स्वस्थ जीवनशैली

**अच्छा खाएं:** संतुलित आहार आपके मूड पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है। खूब सारे फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाएं और बहुत ज़्यादा जंक फूड खाने से बचें।

**पर्याप्त नींद लें:** नींद की कमी नकारात्मक भावनाओं को और भी बदतर बना सकती है। बेहतर महसूस करने के लिए हर रात 7-9 घंटे सोने का लक्ष्य रखें।

## सकारात्मक गतिविधियां

**शौक अपनाएं:** कुछ ऐसा करें जो आपको पसंद हो, इससे आप नकारात्मक भावनाओं से दूर हो सकते हैं और आपका मूड अच्छा हो सकता है। कोई किताब पढ़ें, पेंटिंग करें, कोई संगीत वाद्ययंत्र बजाएं या कोई ऐसा शौक अपनाएं जो आपको पसंद हो।

**प्रियजनों के साथ समय बिताएं:** ऐसे लोगों के साथ रहना जो आपको खुश करते हैं, आपकी आत्माओं को ऊपर उठाने में मदद कर सकता है। दोस्तों, परिवार या पालतू जानवरों के साथ समय बिताएँ।

## माइंडफुलनेस और कृतज्ञता

**माइंडफुलनेस का अभ्यास करें:** वर्तमान में रहें और वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करें। माइंडफुलनेस आपको नकारात्मक विचारों में खोने से बचने में मदद करती है।

**कृतज्ञता:** हर दिन कुछ पल उन चीज़ों के बारे में सोचने के लिए निकालें जिनके लिए आप आभारी हैं। यह आपके जीवन के नकारात्मक पहलुओं से सकारात्मक पहलुओं पर आपका ध्यान केंद्रित कर सकता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**वृष:** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**मिथुन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कर्क:** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**कन्या:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा।

**तुला:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**धनु:** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। कर पाएंगे।

**कुंभ:** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा।

**मीन:** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

# हमें ध्यान नहीं करना, ध्यान में रहना है




हम ध्यान नहीं कर सकते; हम केवल ध्यान में हो सकते हैं। जब हम कहते हैं कि हम ध्यान करने जा रहे हैं तो इसका कोई अर्थ नहीं है। हमें ध्यान में होना ही है। या तो आप घर के अंदर हों या घर के बाहर। आप घर के अंदर होकर यह नहीं कह सकते कि 'अब मैं घर के बाहर हूं ।' या जब आप घर के बाहर हों तो आप यह नहीं कह सकते 'मैं घर के अंदर हूं।' इसी तरह, आप अपने जीवन के तीन आयामों में आगे बढ़ रहे हैं – भावनात्मक और शारीरिक और मानसिक अस्तित्व के। आप अपने अंदर नहीं हैं। लेकिन जब आप उसके अंदर होते हैं तो आप विचारहीन जागरूकता में होते हैं। तब, न केवल आप वहां हैं, बल्कि आप हर जगह हैं, क्योंकि वह स्थान है, वह बिंदु है जहां आप वास्तव में सार्वभौमिक हैं वहां से आप सिद्धांत के साथ, शक्ति के साथ, उस शक्ति के संपर्क में होते हैं जो हर कण में, हर विचार में, जो भावना है, पूरे विश्व की हर योजना और सोच में व्याप्त है। आप उन सभी तत्वों में व्याप्त हैं जिन्होंने इस खूबसूरत पृथ्वी को बनाया है। आप पृथ्वी में व्याप्त हैं; आप आकाश [आकाश, ईथर], तेज [प्रकाश], ध्वनि में व्याप्त हो जाते हैं। लेकिन आपकी गति बहुत धीमी है।

फिर आप कहते हैं: 'मैं ध्यान कर रहा हूं, 'इसका मतलब है कि आप सार्वभौमिक सत्ता के साथ व्याप्त होकर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन आप खुद आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप बस उन चीज़ों के भार से मुक्त होने के लिए खुद को उतार रहे हैं जो आपको आगे बढ़ने नहीं देती हैं।

जब आप ध्यान में होते हैं तो आपको खुद को विचारहीन जागरूकता में रहने देना चाहिए। वहां, अचेतन स्वयं, अचेतन स्वयं आपका प्रभार संभालेगा। आप अचेतन की शक्ति के साथ आगे बढ़ना शुरू कर देंगे। अचेतन इसे कार्यान्वित करने जा रहा है।



प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

## फिर वसुंधरा राजे बैठक में दिखीं नदारद

**जयपुर।** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ ही करीब आठ हजार भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जबकि केंद्र की ओर से मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नहीं पहुंची। इससे पहले वे विधानसभा में बजट भाषण के दौरान भी उपस्थित नहीं थी। बार-बार उनकी अनुपस्थिति ने सियासी गलियारों में चर्चाओं का जोर गर्म कर दिया है। माना जा रहा है कि राजे अन्दर-अन्दर ही पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बना रही है। जिसके पीछे कई कारण बताए जा रहे है। भाजपा कार्यसमिति की बैठक से पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारतीय जनता पार्टी के महासचिव दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी का प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश इकाई के अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम माथुर और राजेंद्र राठौड़ कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद रहे।

## राजस्थान से गुजरने वाली 6 ट्रेनों का रूट बदला



**कोटा।** अब राजस्थान के कोटा जिले से होकर गुजरने वाली 6 ट्रेनों का रूट बदला गया है यानी अब ये ट्रेनें कोटा स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। दरअसल, दक्षिण रेलवे चेन्नई मंडल के तांबरम यार्ड में री-मॉडलिंग का काम चल रहा है। जिस वजह से नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक किया गया है। इस सिलसिले में यात्रीगण अधिक जानकारी लेने के लिए 139 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने यात्रियों से इसके लिए आग्रह किया है कि जरूरत पड़ने पर आप इस नंबर पर कॉल कर लें। कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय के मुताबिक, दक्षिण रेलवे चेन्नई मंडल के तांबरम यार्ड में री – मॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद रूट सामान्य कर दिया जाएगा। 21 जुलाई से 15 जुलाई के बीच कोटा में रुकने वाली कई ट्रेनों का रूट यूहीं बदला रहेगा।

रुपौली उपचुनाव

# नीतीश और तेजस्वी के उम्मीदवारों को बाहुबली शंकर सिंह ने हराया

एजेंसी | पूर्णिया

बिहार की रुपौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में एनडीए और महागठबंधन को हराकर जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह चर्चा में आ गए हैं। हालांकि, शंकर सिंह क्षेत्र के पुराने नेता हैं। वे लोजपा से एक बार विधायक भी रह चुके हैं। इस बार उन्होंने लोजपा से नाता तोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ा और आरजेडी की बीमा भारती एवं जेडीयू के कलाधर मंडल को पटखनी दी। राजपूत समाज से आने वाले शंकर सिंह की गिनती बाहुबली से राजनेता बने चंद लोगों में होती है।



| शंकर सिंह | कलाधर मंडल | बीमा भारती |
|---|---|---|
| निर्दलीय | JDU | RJD |
| वोट : 68,070 | वोट : 59,824 | वोट : 30,619 |

### आरजेडी की बीमा भारती तीसरे नंबर पर रहीं

पूर्णिया जिले की रुपौली विधानसभा सीट पर हाल ही में उपचुनाव में शंकर सिंह ने निर्दलीय लड़कर जेडीयू के कलाधर मंडल को 8211 वोटों से हराया। वहीं, आरजेडी की बीमा भारती तीसरे नंबर पर रहीं। 2020 के विधानसभा चुनाव में बीमा भारती जेडीयू के टिकट पर जीती थीं। जबकि लोजपा के टिकट से लड़े शंकर सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं, कलाधर मंडल निर्दलीय लड़े थे और चौथे नंबर पर रहे।

### लिबरेशन आर्मी नाम का गिरोह चलाते थे शंकर सिंह

बताया जाता है कि शंकर सिंह एक समय में लिबरेशन आर्मी नाम का गिरोह चलाते थे। इस दौरान उनकी बीमा भारती के पति अवधेश मंडल के गिरोह से भिड़ंत भी होती थी। दोनों के बीच वर्चस्व को लेकर काफी अदावत रही। शंकर सिंह की राजनीति में साल 2000 में एंट्री हुई। पहली बार वे 2005 में लोजपा के टिकट पर रुपौली से विधानसभा चुनाव जीते, हालांकि तब किसी को बहुमत नहीं मिलने से बिहार में सरकार नहीं बन पाई और 6 महीने बाद फिर से चुनाव हुए। अगले चुनाव में बीमा भारती दोबारा रुपौली से जीत गईं और शंकर सिंह को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद शंकर सिंह 2010, 2015 और 2020 में लगातार विधानसभा चुनाव लड़ते रहे, लेकिन जीत नहीं पाए। इस बार उपचुनाव में उन्होंने अपना पूरा दमखम लगा दिया और पांच बार की विधायक रहीं बीमा भारती को हराकर 19 साल बाद फिर से विधायक बन गए हैं।

# चोरी की बाइक के साथ तीन शातिर चोर हुए गिरफ्तार

एजेंसी | आजमगढ



विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन मोबाइल चोर को देवगांव कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रीकान्तपुर गेट के पास घेरेबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिर चोरों के पास पुलिस ने चोरी की बाइक व कई मोबाइल जिसकी कीमत करीब 1 l5 लाख रुपये व असलहा व कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों में शिव प्रसाद सरोज बरदह थाना क्षेत्र के असवनिया गांव का निवासी है। वहीं प्रदीप राजभर व रवि सरोज घाटमपुर गांव का निवासी है। देवगांव कोतवाली पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग कर रही थी। पुलिस श्रीकांत गेट पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गोड़हरा की तरफ से एक बाइक काफी तेज गति से आती हुई दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया। बाइक सवार पुलिस को देख बाइक मुड़ाकर भागना चाहे लेकिन बारिश होने के कारण रोड पर बाइक फिसल गई और पीछे बैठा व्यक्ति असलहा निकाल कर पुलिस वालों पर फायर कर दिया। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए घेराबंदी कर बदमाशों को पुनः असलहा लोड करने से पहले उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश शिवप्रसाद सरोज को तमंचा, कारतूस व दो मोबाइल, प्रदीप राजभर को तीन मोबाइल व रवि सरोज को एक तमंचा, कारतूस व दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों का एक गिरोह है। वह बरदह, गंभीरपुर व देवगांव आदि स्थानों पर घूम फिर कर आने-जाने वाले सीधे-साधे राहगीरों से मोबाइल झपट्टा मारकर छीन लेते या चोरी कर लेते हैं। मोबाइलों को बेंचकर मिले रुपये को आपस में बांट लेते हैं। बाइक को उन लोगों ने हरिश्चन्द्र ढाबा मई खरगपुर से 26 जून की शाम करीब 7 l30 बजे चुराया था। उक्त बदमाशों ने ऐसे तमाम घटनाओं को अंजाम दिया है।

# मुहर्रम से पहले झारखंड में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**गढ़वा।** मुहर्रम से पहले झारखंड के एक गांव में माहौल बिगाड़ने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। गढ़वा जिले के मझिआंव नगर पंचायत में क्रिकेट मैच के दौरान विवाद में मारपीट हो गई। इस हिंसक संघर्ष ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। हालांकि, पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया। शुक्रवार की रात को हुए हिंसक संघर्ष के बाद गांव में भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। डीएसपी खुद गांव में कैंप कर रहे हैं। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। हिंसक संघर्ष की शुरुआत उस वक्त हुई, जब मझिआंव बाजार और बभनी गांव की टीमों के बीच कर्बला मैदान में अंडर-18 क्रिकेट मैच खेला जा रहा था।

### समुदाय विशेष के खिलाड़ियों ने मझिआंव टीम के खिलाड़ी को पीटा



विवाद के बीच एक समुदाय विदेश के खिलाड़ियों ने गढ़वा जिले के मझिआंव की टीम के खिलाड़ी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसकी वजह से खेल रुक गया। खिलाड़ी मझिआंव लौट गए। बाद में बभनी गांव में खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने वाले खिलाड़ियों को मझिआंव बाजार में देखा, तो मझिआंव के खिलाड़ियों ने उन्हें पीट दिया।

# कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग, दो युवक की मौत

**मुंगेर।** दो अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने शनिवार को एनएच 333 बी बांक मोड़ के निकट स्थित संगीता होटल के सामने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर ब्रेजा कार में सवार दो युवक मनजीत मंडल व चंदन कुमार की गोली मार हत्या कर दी। इस घटना में ब्रेजा कार के अंदर ही दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल से पिस्टल के 12 खोखे बरामद किए गए हैं। इसके बाद होटल संचालक ने 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को बुलाया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने अपने वाहन से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मुताबिक घटना की जानकारी देते हुए होटल संचालक ने बताया कि वह अपने होटल के अंदर बैठा था। इसी दौरान फट-फट की आवाज सुनाई दी। इसके बाद जब वह बाहर निकला तो देखा कि दो अज्ञात बंदूक धारी कर में सवार दो युवकों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे हैं।



### कार के सामने बाइक लगाकर अंधाधुंध फायरिंग की

वहीं, होटल के कर्मचारी शंकर साह ने बताया कि एक कार होटल के बाहर आकर रुकी तथा उसमें बैठे युवक ने पैसा देकर रजनीगंधा लाने को कहा। उसने कार में सवार दोनों युवकों को गुटका दिया तथा वापस लौट गया। उन्होंने बताया कि इतने में बाइक सवार दो अपराधियों ने होटल के सामने कार के आगे बाइक लगाया तथा बाइक से उतरकर पिस्टल से दोनों के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी तथा फिर पिस्तौल लहराते हुए बाइक पर सवार होकर श्री कृष्णा सेतु की ओर भाग गए।

### मामले की छानबीन कर रही पुलिस

इधर, घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल, नयारामनगर, सफियासराय आदि थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मामले की छानबीन जारी है। घटनास्थल पर अब भी मृतक मनजीत मंडल की ब्रेजा कार खड़ी है। चार फोन के डब्बे पड़े हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया गया है। कार के अंदर ही मृतक का मोबाइल तथा अन्य सामान रखा हुआ है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बाबूलाल मरांडी-डॉ इरफान अंसारी आमने-सामने

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री इरफान अंसारी आमने-सामने आ गए। इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी को चुनौती दी कि बाबूलाल एक भी बांग्लादेशी घुसपैठिया को दिखाएं। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि संताल परगना में आदिवासी घटे हैं। दुमका में ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगली बार जब गठबंधन की सरकार बनेगी, तो उन्हें (मरांडी को) प्रखंड कार्यालय में डेटा ऑपरेटर क्लर्क की नौकरी देंगे।



### बाबूलाल मरांडी दिखाएं कि संताल परगना में कहां हैं बांग्लादेशी

इरफान अंसारी ने कहा कि वाले विधानसभा चुनाव के बाद फिर हमारी सरकार बनेगी, तो बाबूलाल मरांडी व भाजपा के नेताओं को प्रखंड कार्यालय में क्लर्क की नौकरी दे देंगे। वे वहां डेटा कलेक्शन करते रहेंगे। डॉ इरफान ने मरांडी को यह भी चुनौती दी कि वह एक भी बांग्लादेशी को दिखा दें। जामताड़ा, गोड्डा, महगामा व पाकुड़ में अकलियतों की आबादी है, वे दिखायें कि कहां बांग्लादेशी हैं।

## व्यापार जगत

# FY25 की पहली तिमाही में डीमार्ट का मुनाफा 17.5% बढ़ा

- अप्रैल-जून में यह 773 करोड़ रही
- आय 18.6% बढ़कर 14,069 करोड़ हुई

**मुंबई।** रिटेल चेन डीमार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स की वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 773.82 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 17.5% की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 658.75 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। अप्रैल-जून 2024 तिमाही में कंपनी ने 14,069.14 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू दर्ज किया है। सालाना आधार पर इसमें 18.6% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले कंपनी ने 11,865.40 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कंपनी ने आज शनिवार (13 जुलाई) को वित्त वर्ष 2025 के पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

### डीमार्ट ने एक साल में 29.53% का रिटर्न दिया है




एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर ने पिछले 5 दिन में 1.47%, एक महीने में 6.30%, 6 महीने में 28.30% और एक साल में 29.53% का रिटर्न दिया है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी ने 21.78% का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 3.22 लाख करोड़ रुपए है।

### सुपरमार्केट चेन डीमार्ट के फाउंडर हैं राधाकिशन दमानी

सुपरमार्केट चेन डीमार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी हैं। उन्होंने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से की थी। यहां उन्होंने डीमार्ट का पहला स्टोर ओपन किया था। 1999 में दमानी ने नवी मुंबई के नेरूल में 'अपना बाजार' की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी, पर उन्हें यह मॉडल जमा नहीं था।

## पाकिस्तान ने सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर किए हस्ताक्षर

**इस्लामाबाद।** नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तान को तीन साल की अवधि वाले इस ऋण पैकेज से जटिल आर्थिक समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी। आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि 2023 'स्टैंड-बाय अरेंजमेंट' (एसबीए) के तहत हासिल की गई आर्थिक स्थिरता को आगे बढ़ाते हुए आईएमएफ कर्मचारी और पाकिस्तानी अधिकारी एक कर्मचारी स्तरीय समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके तहत लगभग सात अरब डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा व्यवस्था (ईएफएफ) पर सहमति बनी है। एसबीए एक छोटी अवधि का ऋण है, जो आईएमएफ भुगतान संकट का सामना कर रहे अपने सदस्य देशों को देता है। वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने आगे कहा कि नए कार्यक्रम का उद्देश्य नकदी की कमी से जूझ रहे देश में व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना और अधिक समावेशी और लचीले विकास को बढ़ावा देना है।

# 2031 तक दुनिया की दूसरी बड़ी-अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत: RBI डिप्टी

एजेंसी | मुंबई

भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए 2048 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि 2031 में ही देश इस उपलब्धि को हासिल कर सकता है। वहीं, 2060 तक देश में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने यह बात 9 जुलाई को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में दिए भाषण में कही। उन्होंने कहा - अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के संकल्प को देखते हुए यह कल्पना करना संभव है कि भारत अगले दशक में आगे निकल जाएगा।




### 9.6% प्रति वर्ष की आर्थिक ग्रोथ में विकसित देश बन सकता है भारत

पात्रा ने कहा कि ऐसा अनुमान लगाया गया है कि अगर भारत अगले 10 सालों में 9.6% प्रति वर्ष की दर से आर्थिक ग्रोथ करता है तो लोअर मिडिल क्लास इनकम के ट्रैप को तोड़कर बाहर आ सकता है और विकसित देश बन सकता है। इसका असर प्रति व्यक्ति आय में भी दिखना चाहिए। हालांकि, 2047 तक विकसित देश के लिए प्रति व्यक्ति आय की सीमा 34,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 28 लाख) तक करने की जरूरत होगी।

### मैक्रो इकोनॉमिक पॉलिसी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पॉजिटिव ट्रैक में

डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा कहा कि भारतीय रुपए को इंटरनेशनल बनाने के लिए भी मैक्रो इकोनॉमिक पॉलिसी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पॉजिटिव ट्रैक में है। भारत में महंगाई दर को वैश्विक महंगाई दर के मुताबिक करने की जरूरत है, जिससे रुपए के आंतरिक और बाहरी वैल्यू को संरक्षित (प्रिजर्व) किया जा सके। इससे रुपए की इंटरनेशनलाइजेशन ग्राउड तैयार होगी और भारत आने वाले कल के लिए दुनिया के इकोनॉमिक पावरहाउस के रूप में उभर सकेगा।

# बीएसएनएल के सीएमडी पुरवार को सेवा विस्तार नहीं




एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पी के पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह प्रभार दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है।जुलाई, 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था। आधिकारिक सूत्र ने कहा, "दूरसंचार विभाग बीएसएनएल के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार कर रहा है। वर्तमान सीएमडी द्वारा मांगे गए विस्तार पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।" भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी रवि को दूरसंचार क्षेत्र में 34 वर्षों का अनुभव है। वे दूरसंचार विभाग में उप महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। बीएसएनएल में यह रवि का दूसरा कार्यकाल होगा। वे इस सरकारी कंपनी में करीब छह साल तक अतिरिक्त महाप्रबंधक के पद पर काम कर चुके हैं।

# मैक्रोटेक डेवलपर्स की पहली तिमाही की बिक्री बुकिंग 20 प्रतिशत बढ़कर 4,030 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए बिक्री बुकिंग 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,030 करोड़ रुपये हो गई है। बिक्री बुकिंग में यह वृद्धि आवास खंड में जारी मजबूत मांग के कारण आई है। लोढ़ा ब्रांड के अंतर्गत संपत्ति कारोबार करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग पिछले साल 3,350 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, ग्राहकों से संग्रह चालू



वित्त वर्ष (2024-25) की अप्रैल-जून तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 2,690 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,400 करोड़ रुपये था। कंपनी की बिक्री बुकिंग (प्री-सेल्स) 2023-24 के दौरान 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 14,520 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 12,060 करोड़ रुपये थी।

# अल्काराज से हिसाब बराबर करने उतरेंगे जोकोविच

- 08 खिताब सबसे ज्यादा अब तक जीते हैं रोजर फेडरर ने
- 07 खिताब नोवाक ने अब तक विम्बलडन में हासिल किए
- 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में उतरेंगे जोकोविच
- 03 ग्रैंड स्लैम अब तक जीते हैं स्पेन के युवा अल्काराज ने



**एजेंसी । लंदन**

ग्रास कोर्ट के दिग्गज खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम से बस एक जीत दूर हैं। उनका यह इंतजार रविवार को पूरा हो सकता है जब वह विम्बलडन के फाइनल में स्पेन के युवा कार्लोस अल्काराज का सामना करेंगे। इसमें वह पिछले साल का हिसाब भी बराबर करना चाहेंगे जब अल्काराज ने उन्हें पांच सेट के मैराथन मुकाबले में हराकर हैट्रिक लगाने से रोक दिया था। सेमीफाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रूस के दानिल मेदवेदेव को शुक्रवार रात अंतिम चार के मुकाबले में 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। उससे पहले नोवाक ने 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लॉरेंजो मुसेटी को 6-4, 7-6, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर किया था।

### चौथे खिताब जीतेंगे

अपना 21वां जन्मदिन मनाने से कुछ महीने दूर अल्काराज अगर जीतते हैं तो यह उनका लगातार दूसरा विम्बलडन और चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब होगा। पिछली बार फाइनल में उनका सामना जोकोविच से ही था जिसमें उन्होंने 1-6, 7-6, 6-1, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की थी। मेदवेदेव पर जीत के बाद उन्होंने कहा, लग रहा है कि अब मैं नया नहीं हूं। मुझे पता है कि फाइनल में कैसा लगता है। मैं पहले भी खेल चुका हूं और उसी प्रदर्शन को दोहराऊंगा।

### नौ साल बाद मौका

जोकोविच के 2014 और 2015 में रोजर फेडरर को हराने के बाद से पहली बार लगातार दो फाइनल समान प्रतिद्वंद्वियों के बीच होगा। जोकोविच इस सत्र में किसी भी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सके हैं। जून में उन्होंने दाएं घुटने का ऑपरेशन भी कराया। उन्हें यहां क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर मिला था जब उनके प्रतिद्वंद्वी एलेक्स डि मिनॉर ने कूल्हे की चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले और ग्रास, क्ले और हार्ड तीनों कोर्ट पर खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी अल्काराज अब 22 वर्ष की उम्र से पहले दो विम्बलडन खिताब जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के बाद तीसरे खिलाड़ी बनने से एक जीत दूर हैं।

# टेस्ट में मौके का है इंतजार : आवेश

**एजेंसी । हरारे**



तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि वह क्रिकेट के लंबे प्रारूप टेस्ट में भारतीय टीम के लिए सफेद जर्सी में खेलने का इंतजार कर रहे है। आवेश ने बीसीसीआई टीवी से कहा, मुझे वही एक प्रारूप लगता है, जहां मैं खुद को साबित कर सकता हूं। मैंने घरेलू स्तर पर अपनी राज्य की टीम (मध्य प्रदेश), इंडिया ए के लिए, दिलीप ट्रॉफी या देवधर ट्रॉफी में खेलने के दौरान स्वयं को साबित भी किया है। उन्होंने कहा, मैं एक गेंदबाज के तौर हमेशा सुधार लाने का प्रयास और कप्तान को एक फ्री हैंड देने का प्रयास करता हूं, ताकि वह मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करा सकें। मैं हर चीज अपने पक्ष में लाने की पूरी कोशिश करता हूं। क्योंकि कप्तान को अगर एक ऐसा विकल्प मिल जाता है जो पावरप्ले, बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सके तब ऐसी स्थिति में उसके पास विकल्प बढ़ जाते हैं। मैंने अपनी गेंदबाजी में भी काफी मिश्रण करने के प्रयास किए हैं, जैसे मैंने लेग कटर भी डेवलप किया है, जिसे मैं वाइड लाइन के पास डालता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लाल गेंद से गेंदबाजी बेहद पसंद है। मैं अपने प्रांत के लिए काफी गेंदबाजी करता हूं। पूरे सत्र में मैं 300-350 ओवर डालता हूं। उल्लेखनीय है कि आवेश ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक कुल आठ वनडे मैचों में 5.54 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए हैं। टी-20 में उन्होंने 23 मैचों में 25 विकेट लिए हैं।

गोल्फ : अमुंडी एवियन चैंपियनशिप

## अदिति ने कट हासिल किया, दीक्षा हटीं



**एजेंसी । एवियन ले बेंस (फ्रांस)**

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया। हालांकि भारत की ही दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया। शनिवार को खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। इससे वह बीती रात संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंच गईं। हालांकि अभी दूसरे दौर का खेल पूरा होना बाकी है। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर हटने का फैसला किया।

# अमेरिका में विश्व कप के खर्चों पर चर्चा करेगा आईसीसी बोर्ड




**एजेंसी । नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप के अमेरिका चरण में बजट से अधिक खर्च होने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड कोलंबो में 19 जुलाई को होने वाली वार्षिक बैठक के दौरान इस नुकसान पर चर्चा कर सकता है।

### भारी नुकसान की आशंका

टी-20 विश्व कप की ऑडिटिंग (आय-व्यय का लेखा जोखा) पूरी नहीं हुई है, इसलिए नुकसान का आंकड़ा बताना मुश्किल है क्योंकि दर्शकों के टिकट से प्राप्त राशि की पूरी तरह से गणना की जानी बाकी है। बोर्ड के प्रमुख सदस्यों का हालांकि मानना है कि टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में हुआ नुकसान लाखों डॉलर में हो सकता है।

### कई मुद्दों पर सदस्य नाराज

जिस बात ने आईसीसी के प्रभावशाली सदस्यों को नाराज किया है, वह इस प्रमुख आयोजन के लिए न्यूयॉर्क शहर को एक मेजबान के तौर पर चुनना है। नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड की काफी आलोचना हुई थी और इस स्थिति से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। सूत्र ने कहा, यह आयोजन अमेरिका में होना था।

## टेनिस : वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन फाइनल देखेंगी

**एजेंसी । लंदन**



कैंसर का उपचार करा रहीं ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस में पुरुष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। उनके कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। खुद टेनिस खिलाड़ी रह चुकीं मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी। इसके बाद वह कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। कैंसर के उपचार के लिए कीमोथेरेपी कराने की जानकारी देने के बाद 42 वर्ष की मिडलटन दूसरी बार ही सार्वजनिक तौर पर नजर आएंगी। पिछले महीने वह किंग चार्ल्स के जन्मदिन की परेड में बकिंघम पैलेस की बालकनी में नजर आई थीं।



## अर्जुन ने कॉलिग चैंपियनशिप में हासिल किया कट

**एजेंसी । एक्रोन**

भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेली जा रही कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर हैं। स्टीवन अल्केर दूसरे दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कुल सात अंडर के स्कोर के साथ स्टीव स्ट्रिकर पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।



## झूलन महिला ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटोर बनीं

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी महिला कैरिबियाई प्रीमियर लीग से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) की मेंटोर बन गई हैं। अपने दो दशक के करियर में झूलन ने 355 विकेट लिए। उन्होंने 2022 में खेल को अलविदा कहा था। टीकेआर की कप्तान स्टार हरफनमौला डिएंड्रा डॉटिन हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने 2021 में पहला सत्र जीता था। टीकेआर टीम में जेमिमा रौड्रिग्स, मेग लैनिंग, जेस जोनासेन और शिखा पांडे जैसे खिलाड़ी भी हैं।

# शाहरुख-सुहाना की 'किंग' के लिए खोजा जा रहा विलेन




**पिछले साल 'पठान' और 'जवान' से शानदार वापसी करने वाले शाहरुख खान अब अपनी नई फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'किंग' है। खास बात यह है कि इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।**

आजकल बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार एक साथ मिलकर खूब काम कर रहे हैं। पिछली कई फिल्मों से इस चलन में तेजी देखने को मिली है। शाहरुख खान की 'किंग' फिल्म को लेकर भी इसी तरह की खबर आ रही है। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'किंग' के निर्माता इस फिल्म में विलेन के रोल के लिए किसी दक्षिण भारतीय अभिनेता को शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में विलेन के रोल में दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति ने काम किया था। अब देखना होगा कि 'किंग' के निर्माता इस फिल्म में किस अभिनेता को लेकर आएंगे। बता दें कि यह सुहाना खान की पहली फिल्म होगी, जो सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उनकी डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' ओटीटी पर रिलीज हुई थी। किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे, जो इससे पहले 'कहानी', 'कहानी 2', 'जाने जान', 'बदला' और 'तीन' समेत कई फिल्में बना चुके हैं। कहा जा रहा है कि 'किंग' में शाहरुख खान एक कुख्यात डॉन की भूमिका निभाने वाले है। यह फिल्म 2025 में रिलीज हो सकती है। शाहरुख के प्रशंसक उन्हें और उनकी बेटी को एक साथ परदे पर देखने के लिए काफी उत्सुक है।

# बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फेल हुई 'सरफिरा'

अभिनेता अक्षय कुमार पिछले काफी समय से फिल्म 'सरफिरा' को लेकर चर्चा में थे। उनकी इस फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, वहीं अक्षय के अभिनय की भी चारों ओर तारीफ हो रही है। बावजूद इसके सिनेमाघरों में पहले दिन उनकी इस फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए। फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो उम्मीद के मुताबिक काफी कम हैं।



### महज इतने करोड़ रुपये बटोर सकी फिल्म

सैकनिल्क के मुताबिक 'सरफिरा' ने रिलीज के पहले दिन महज 2.40 करोड़ की कमाई की है। हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं। आधिकारिक आकड़ों में थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है। यह कमाई काफी निराशाजनक इसलिए है, क्योंकि फिल्म का बजट करीब 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज से फिल्म का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन काफी खराब है। 5-7 करोड़ रुपये अगर यह फिल्म कमाती तो इसका कलेक्शन ठीक माना जाता।

### उम्मीदों पर फिरा पानी

अक्षय पिछले काफी समय से एक अदद हिट को तरस रहे हैं। इस साल आई उनकी 350 करोड़ी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। ऐसे में 'सरफिरा' से हर किसी को बड़ी उम्मीदें थीं। अक्षय ने भी फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद 'सरफिरा' पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स नजर आई। हालांकि, उम्मीद है कि वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़ेगी।

'सरफिरा' महाराष्ट्र के अंदरूनी गांव में रहने वाला स्कूल मास्टर का बेटा वीर जनार्दन म्हात्रे (अक्षय कुमार) की कहानी है, जो कम लागत वाली एयरलाइंस शुरू करने के इरादे से एयरफोर्स की नौकरी से इस्तीफा दे चुका है।

# 'कल्कि 2898 एडी' टीम ने जताया दर्शकों का आभार



इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने उम्मीद के अनुरूप ही प्रदर्शन किया है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसे एक ब्लॉकबस्टर फिल्म बताया जा रहा था, जो सही साबित हुआ भी है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। फिल्म ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार कर लिया है। हालांकि, इसके बाद भी फिल्म की कमाई अभी भी जारी है, जिससे साफ है कि आने वाले दिनों में इसके कारोबार में और इजाफा होने वाला है।

### कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास

इस फिल्म में पौराणिक कथाओं और साइंस फिक्शन का मिश्रण देखने को मिला है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। 'कल्कि 2898 एडी' अब 'दंगल', 'बाहुबली 2', 'आरआरआर', 'केजीएफ 2', 'जवान' और 'पठान' के बाद 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली फिल्मों की इस विशिष्ट क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है।

### टीम ने जताया दर्शकों का आभार

1000 करोड़ रुपये कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया और आपने इसे खुले दिल से अपनाया। दुनिया भर के दर्शकों का शुक्रिया।' बताते चलें कि नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और कमल हासन के अलावा सुपरस्टार प्रभास,दीपिका पादुकोण, शोभना, दिशा पटानी, अन्ना बेन, पसुपति और कई सितारे एक साथ नजर आए हैं। अश्विनी दत्त द्वारा निर्मित इस फिल्म का साउंडट्रैक संतोष नारायणन द्वारा रचित है।

# 'हाउसफुल 5' से जुड़े संजय दत्त





संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। आज भी ऐसे कई प्रशंसक हैं, जो संजू बाबा का दीदार करने के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं। उनकी फिल्मों को लेकर भी दर्शक बराबर उत्साहित रहते हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक संजय के प्रशंसकों का दिल बाग-बाग हो जाएगा। दरअसल, वह 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं।

### साजिद नाडियाडवाला ने किए ऐलान

फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने एक्स पर यह जानकारी दी है। उन्होंने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है।

### संजय ने भी झट से कर दी फिल्म के लिए हां

अभी तक फिल्म में संजय के होने और ना होने की अटकलें की लगाई जा रही थीं और अब आखिरकार उनकी मौजूदगी पर निर्माता की पक्की मोहर लग गई है। कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। 'हाउसफुल' की फैन फॉलोइंग तगड़ी है। शायद इसलिए तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही 'हाउसफुल 5' का प्रस्ताव जब उन्हें मिला तो उन्होंने मौके पर चौका मारने में देर नहीं लगाई।

न्यूज़ ब्रीफ

### स्कूल की इमारत ढहने से 22 छात्रों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया में दो मंजिला स्कूल के ढहने से 22 छात्रों की मौत हो गई। हादसे के बाद 154 छात्र फंस गए, जिनमें से 132 को सकुशल निकाला गया। हादसा प्लैटो राज्य के बूसा बुजी में स्थित सेंट्स एकेडमी कॉलेज में घटा। मारे गए छात्रो में अधिकतर की उम्र 15 साल से कम थी। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि इमारत ढहने के बाद बचाव और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को भी घटनास्थल पर तत्काल तैनात किया गया।

### जालसाजी: पासपोर्ट पर दो बार लगाया फर्जी वीजा, एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रूस भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एजेंट को एयरपोर्ट पुलिस ने मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी हारुन मिर्जा ने पासपोर्ट पर रूस के दो फर्जी वीजा लगा दिए थे। इसके बाद यात्री सऊदी अरब गया था, लेकिन वहां से लौटते समय एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार बीते तीन जुलाई को पश्चिम बंगाल निवासी इंजामुल हक जेद्दा से आया था। इमिग्रेशन ने दस्तावेज की जांच के दौरान पाया कि उसके पासपोर्ट पर रूस के दो फर्जी वीजा लगे हुए हैं। शिकायत पर आईजीआई एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कर आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजनाथ सिंह को एम्स से हुए डिस्चार्ज

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को एम्स से छुट्टी मिल गई। दो दिन पहले उन्हें पीठ दर्द की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार, सिंह की पीठ दर्द की जांच और इलाज किया गया। दादा ने बताया कि मंत्री को शनिवार दोपहर करीब 2 बजे छुट्टी दे दी गई। सिंह को 11 जुलाई की सुबह अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

### शहीद अंशुमान की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** 19 जुलाई को सियाचिन में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति सिंह पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने खुद से संज्ञान लिया है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने मामले को लेकर केस दर्ज किया है। अंशुमान को हाल ही में राष्ट्रपति मुर्मू ने मरणोपरांत किर्ती चक्र से सम्मानित किया है। इसके बाद उनकी पत्नी पर सोशल मीडिया में अभद्र और अश्लील टिप्पणी की गई थी। महिला आयोग ने पहले भी दिल्ली पुलिस से केस दर्ज करने के लिए कहा था।

# असम में बाढ़ से बदतर हुए हालात

12 लाख से ज्यादा प्रभावित | मरने वालों की संख्या 90 पहुंची | सबसे ज्यादा धुबरी में 3,18,326 लोग प्रभावित





**एजेंसी | गुवाहाटी**

असम में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। लाखों लोगों के विस्थापन के साथ में राज्य में बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में सात नई मौतें हुई हैं। इसके साथ ही असम में बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या अब 90 हो गई है। राज्य आपदा प्राधिकरण ने ताजा बाढ़ रिपोर्ट में बताया है कि गोवालपाड़ा जिले में नाव पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि नागांव और जोरहाट जिले में बाढ़ के पानी में एक-एक शख्स के डूबने से मौत हो गई।

### राज्य में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ

हालांकि, राज्य में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। अधिकारियों ने बताया है कि बाढ़ का पानी घटने लगा है। असम के 24 जिलों के 12.33 लाख से अधिक लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। 75 राजस्व गांवों के अंतर्गत आने वाले 2406 गांव और वहां की 32924.32 हेक्टेयर फसल क्षेत्र अभी भी पानी में डूबा हुआ है।

#### ये जिले बाढ़ से प्रभावित

असम के जो जिले बाढ़ की चपेट में हैं उनमें- कछार, धुबरी, नागांव, कामरूप, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, नलबाड़ी, बारपेटा, धेमाजी, शिवसागर, ग्वालपाड़ा, जोरहाट, मोरीगांव, लखीमपुर, करीमगंज, दारांग, माजुली, विश्वनाथ, हैलाकांडी, बोंगाईगांव, दक्षिण सलमारा, चिरांग, तिनसुकिया और कामरूप (एम) हैं।

#### सबसे ज्यादा धुबरी में 3,18,326 लोग प्रभावित

सबसे ज्यादा धुबरी जिले में 3,18,326 लोग प्रभावित हैं। इसके बाद कछार में 1,48,609, गोलाघाट में 95,277, नागांव में 88,120, ग्वालपाड़ा में 83125, माजुली में 82,494, धेमाजी में 73,662 और दक्षिण सलमारा जिले में 63,400 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

#### शिविरों में 2.95 लाख से अधिक लोग लिए हुए हैं शरण

बता दें कि बाढ़ प्रभावित जिलों में 316 राहत शिविरों में 2.95 लाख से अधिक लोग शरण लिए हुए हैं। बाढ़ में 6,67,175 से ज्यादा जानवर भी प्रभावित हुए हैं। इसी बीच, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ में अब तक 10 गैंडों सहित 180 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है।



#### राज्य की कई नदियों का जलस्तर अब घट रहा

राज्य की कई नदियों का जलस्तर अब घट रहा है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी के साथ में बुरहिडीहिंग नदी, दिसांग नदी और कुशियारा नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के एलजी की शक्तियां बढ़ीं

दिल्ली की तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी

### उमर अब्दुल्ला बोले- हर चीज के लिए भीख मांगनी पड़ेगी



**एजेंसी | दिल्ली/श्रीनगर**

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (LG) की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार LG की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया है, जिसमें LG को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस (AIS) से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों के लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था। हालांकि एजेंसी ने गृह मंत्रालय का जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें पहले के प्रावधान और 12 जुलाई को किए गए बदलावों के बीच स्पष्ट अंतर की जानकारी नहीं दी गई है।

#### राज्य में सरकार कोई रहे, ताकत एलजी के पास

जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ताजा फैसले के बाद राज्य में सरकार किसी भी पार्टी की बने, लेकिन अहम फैसले लेने की शक्तियां LG के पास ही रहेंगी।

#### संशोधित नियमों में दो अहम पॉइंट जोड़े गए...

**42A:** पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए। अभी इनसे जुड़े मामलों में वित्त विभाग की सहमति लेना जरूरी है।

**42B:** किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या ना देने और अपील अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।

# पीएम मोदी की रूस यात्रा पर यूएस ने दी तीखी प्रतिक्रिया

- यूएस ने दी धमकी तो एक्शन में आए एनएसए डोभाल
- अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार से फोन पर की दो टूक बात





**एजेंसी | नई दिल्ली**

जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा से वापस लौटें हैं, तभी से अमेरिका कुछ नाराज होता नजर आ रहा है। दरअसल, पीएम मोदी के रूस यात्रा से अमेरिका काफी नाराज है। भारत में तैनात अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का धमकी भरा लहजा भारत को कतई पसंद नहीं आया है। वहीं, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भी चेताया था कि भारत का एक लंबे समय तक रूस पर भरोसा करना बिल्कुल सही नहीं है। दरअसल, गुरूवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में एरिक ने कहा था कि 'भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक व्यापक और गहरे हैं, लेकिन ये इतने गहरे भी नहीं हैं कि इन्हें हल्के में लिया जाए।'

#### डोभाल और सुलिवन के बीच क्या हुई वार्ता?

अमेरिकी राजनयिक के ये तीखे शब्द प्रधानमंत्री मोदी के रूस और ऑस्ट्रिया की दो देशों की यात्रा समाप्त करने के बाद दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद आई थी। हालांकि, अब भारत ने भी इस तीखे बोल पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकर अजित डोभाल ने जैक सुलिवन के साथ फोन पर बातचीत की।

# नीट मामले पर सीबीआई ने देरी से दिया हलफनामा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने NEET मामले में CBI के हलफनामे को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, NEET मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स से 10 जुलाई शाम 5 बजे तक रिपोर्ट मांगी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक CBI ने 11 जुलाई को कोर्ट में हलफनामा जमा किया था। रजिस्ट्री ने कहा था कि तय समय से देरी के बाद हलफनामा जमा करने को लेकर कोर्ट से चर्चा करें। हालांकि, बेंच के जस्टिस जे बी पारदीवाला ने कहा कि उन्होंने CBI की रिपोर्ट जमा किए जाने की जानकारी है।

**CBI कस्टडी में रहेंगे पेपर लीक में गिरफ्तार हुए 13 आरोपी**

पटना हाईकोर्ट ने 12 जुलाई को NEET मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों को CBI की कस्टडी में भेज दिया है। पेपर लीक मास्टरमाइंड का करीबी रॉकी से भी कस्टडी में पूछताछ की जाएगी। CBI ने एक ही नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 12 जुलाई को NEET पेपर लीक केस में आरोपी गंगाधर गुंडे को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि CBI ने गंगाधर को गलत पहचान के आधार पर गिरफ्तार किया था। CBI ने बिलकुल एक जैसे नाम होने की वजह से एन गंगाधर अप्पा की जगह गंगाधर गुंडे को 27 जून को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, NEET पेपर लीक केस में ही महाराष्ट्र के लातूर से एन गंगाधर अप्पा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसे बेंगलुरु में गिरफ्तार किया गया था।

#### नीट केस की अगली सुनवाई 18 जुलाई को

नीट मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि कोर्ट के 8 जुलाई के निर्देश के जवाब में केंद्र और NTA ने अपने हलफनामे दायर कर दिए हैं। हालांकि, बेंच ने ये पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं को अभी तक केंद्र और NTA के हलफनामे नहीं मिल पाए हैं।




# ओडिशा गवर्नर के बेटे पर कर्मचारी से मारपीट का आरोप

**एजेंसी | पुरी**



ओडिशा के राजभवन में एक कर्मचारी ने राज्यपाल रघुबर दास के बेटे ललित कुमार और उसके साथियों पर मारपीट के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। कर्मचारी का आरोप है कि उसने ललित को स्टेशन लेने के लिए कार नहीं भेजी थी। इससे नाराज ललित ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजभवन में उनकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी।

#### सिलसिलेवार पढ़िए पूरा घटनाक्रम

शिकायतकर्ता बैकुंठ प्रधान ने 10 जुलाई को राज्यपाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को लिखित शिकायत सौंपी। उन्होंने कहा- वे ओडिशा राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे की तैयारी की निगरानी में जुटे थे। 7 जुलाई की रात करीब 12 बजे वह अपने ऑफिस में काम कर रहे थे। तब राज्यपाल का निजी रसोइया आया और उसने ललित से मिलने के लिए कहा। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही मैं ललित के पास पहुंचा उन्होंने मुझे गालियां देना शुरू कर दिया। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन्होंने मुझे थप्पड़ मारे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भागकर छिपने की कोशिश भी की। लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें ढूंढ लिया। इसके बाद उन्हें एक कमरे में ले जाया गया जहां ललित ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी पिटाई की।

13 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद

# कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र गिरफ्तार



### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई कार्रवाई

**एजेंसी | बेंगलुरु**

ईडी ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लांड्रिंग जांच के तहत ईडी ने यह कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया कि नागेंद्र को शुक्रवार सुबह उनके आवास से ईडी दफ्तर ले जाया गया। उनसे 13 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद उन्हें रात करीब 10.30 बजे एजेंसी के दफ्तर में उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्हें शनिवार को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा, जहां ईडी हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड की मांग करेगी।

#### कर्नाटक समेत चार राज्यों में छापेमारी

ईडी ने इस मामले में गुरुवार को कर्नाटक समेत चार राज्यों में छापेमारी की थी और अब तक करीब 50 लाख रुपये नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। इस घोटाले के सिलसिले में अपने खिलाफ लगे आरोपों के बाद नागेंद्र ने छह जून को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। निगम से जुड़े अवैध फंड ट्रांसफर के मामले का पता तब चला जब लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन ने 26 मई को आत्महत्या कर ली।

#### चंद्रशेखरन के सुसाइड नोट में इसका दावा

चंद्रशेखरन ने सुसाइड नोट में दावा किया कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपए अनाधिकृत रूप से स्थानांतरित कर दिए गए। चंद्रशेखरन ने नोट में निगम के अब निलंबित प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी. दुरुगनवर और यूनियन बैंक आफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिया है। चंद्रशेखरन ने नोट में लिखा कि 'मंत्री' ने धन हस्तांतरित करने के लिए मौखिक आदेश दिए थे।

# असम में होने वाला है बड़ा सियासी खेल

### कांग्रेस के संपर्क में कई भाजपा विधायक, सांसद ने किया बड़ा दावा



**एजेंसी | गुवाहटी**

कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने असम में कई भाजपा विधायकों के संपर्क में होने की बात कही। बोरदोलोई ने कहा कि कई भाजपा विधायकों ने पार्टी में शामिल होने के बारे में उनसे और अन्य वरिष्ठ नेताओं से संपर्क किया है। अपनी आगामी राजनीतिक मामलों की बैठक के दौरान अंतिम फैसला लिया जाएगा।

#### भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं: बोरदोलोई

प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा कि वह उन भाजपा नेताओं को पार्टी में शामिल करने के खिलाफ हैं, जिन्होंने पहले कांग्रेस के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की अंदरूनी स्थिति उतनी ठीक नहीं है, जितनी सत्तारूढ़ पार्टी दिखाने की कोशिश कर रही है।

#### भाजपा ने कहा-अफवाह है

पिछले कुछ महीनों में राजनीतिक गलियारों में अटकलें हैं कि भाजपा के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री, कई मौजूदा विधायक और कुछ पूर्व विधायक अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। हालांकि भाजपा नेताओं ने इन खबरों को अफवाह करार दिया है और दावा किया है कि सत्तारूढ़ पार्टी का कोई भी व्यक्ति कांग्रेस में शामिल नहीं होगा।

# बीआरएस पार्टी को एक और झटका

कांग्रेस में शामिल हुए सेरिलिंगमपल्ली के विधायक आरकापुडी गांधी

**एजेंसी | हैदराबाद**

तेलंगाना में बीआरएस विधायक आरकापुडी गांधी शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इसी के साथ सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने वाले विपक्षी विधायकों की कुल संख्या नौ हो गई। सेरिलिंगमपल्ली से निर्वाचित गांधी का मुख्यमंत्री और पीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस में स्वागत किया। गांधी के साथ हैदराबाद में बीआरएस पार्षद नागेंद्र यादव, उप्पलपति श्रीकांत, मंजुला रघुनाथ रेड्डी, नरने श्रीनिवास भी कांग्रेस में शामिल हो गए।

#### बीआरएस के और विधायक होंगे शामिल?



अटकलें लगाई जा रही हैं कि आने वाले दिनों में बीआरएस के और विधायक सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होंगे। बीआरएस ने पिछले साल हुए चुनावों में कुल 119 विधानसभा क्षेत्रों में से 39 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस 64 सीटें जीतकर सत्ता में आई थी।

#### छह एमएलसी भी सत्तारूढ़ कांग्रेस में हुए शामिल

बीआरएस के नौ विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के बाद, इसकी संख्या 74 हो गई है। हाल ही में बीआरएस के छह एमएलसी भी सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो गए। ताजा दलबदल के साथ, 40 सदस्यीय विधान परिषद में कांग्रेस की ताकत 10 हो गई है। विधायक दानम नागेंद्र ने शुक्रवार को दावा किया कि चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी के पास जल्द ही कुछ ही विधायक रह जाएंगे।

# स्टेज पर डांस करते-करते दांत से मुर्गी का काटा सिर

**एजेंसी | विशाखापट्टनम**

आंध्र प्रदेश में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। विशाखापट्टनम के पास अनकापल्ली जिले में एक डांस शो के दौरान एक प्रतिभागी ने जानबूझकर मुर्गी का सिर काटकर उसे मार डाला, जिसके बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। जानवरों के लिए हित के लिए काम करने वाली संस्था पेटा (PETA) इस मामले का वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पेटा ने ही शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत की थी। पेटा इंडिया ने एक बयान में कहा, 'सोशल मीडिया पर एक विचलित करने वाला वीडियो सामने आया। वीडियो में एक शख्स ने डांस शो में मुर्गी का सिर काटकर उसे बर्बरतापूर्वक मार डाला, पेटा इंडिया ने अनकापल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर डांसर और आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।'

- डांसर और आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- दुर्व्यवहार करने वालों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए- पेटा



#### कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज

पेटा ने बयान में आगे कहा है कि एफआईआर भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दर्ज की गई है। कार्यक्रम में मौजूद किसी ने इस घटना की वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

#### दुर्व्यवहार करने वालों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए

पेटा इंडिया ने पुलिस से मांग करते हुए कहा है कि पशुओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए और उन्हें परामर्श दिया जाए। क्योंकि जानवरों के साथ गलत आचरण करना मनोवैज्ञानिक गड़बड़ी का संकेत है।

# धलाई जिले में आदिवासी युवक की मौत पर बवाल

- उपद्रवियों ने दुकानों में लगाई आग
- घर क्षतिग्रस्त, धारा 144 लागू

**एजेंसी | अगरतला**

त्रिपुरा के धलाई जिले में एक आदिवासी युवक की मौत के बाद दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसके बाद कई दुकानों में आग लगा दी गई और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। झड़प के बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी है। 7 जुलाई को धलाई जिले के गंडतविसा में दो समूहों के बीच झड़प में गंभीर रूप से घायल हुए 19 वर्षीय कॉलेज छात्र की शुक्रवार को जीबीपी अस्पताल में मौत हो गई थी। शुक्रवार की आगजनी के बाद गांव में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और इलाके में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने कहा कि युवक की मौत के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परमेश्वर रियांग अपने दोस्तों के साथ रथ यात्रा के अवसर पर आयोजित मेले में शामिल होने के लिए गंडतविसा बाजार गए थे।